# रामायण मेला परिसर में निजी वाहन के प्रवेश पर हुआ हंगामा

## एसपी और एडीएम ने समझाया, कहा-सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की जाएगी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में मंगलवार को एक निजी वाहन के खड़े होने पर हड़कंप मच गया। विपक्षी दलों के नेताओं ने किसी अनियमितता की आशंका जताते हुए हंगामा कर दिया। इस पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह और अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र मौके पर पहुंच गए। उन्होंने नेताओं से बात की और उनको आश्वस्त किया कि इस तरह की लापरवाही अब नहीं होने दी जाएगी। मामले की जांच कराई जा रही है।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव की मतगणना राष्ट्रीय रामायण मेला भवन में होगी। ईवीएम का स्ट्रांग रूम भी यहीं बनाया गया है। मंगलवार को अपराह्न लगभग तीन बजे एक निजी वाहन परिसर में प्रवेश कर गया तो रामायण मेला गेट पर मुस्तैद बैठे विभिन्न विपक्षी राजनीतिक दलों के नेताओं ने बवाल कर दिया।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवबाबू एडवोकेट आदि ने अनियमितता की आशंका जताई। सपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने इसकी सूचना जिलाधिकारी को फोन पर दी। इस पर डीएम ने उनको भरोसा दिया कि वह मौके पर अधिकारियों को भेज रहे हैं। कुछ ही देर में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम व अन्य अधिकारी और पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। एसपी और एडीएम ने नेताओं से बात की और आश्वस्त किया कि पूरे मामले की जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कर्मचारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने विपक्षीदलों के नेताओं को बताया कि अंदर किसी का वाहन नहीं जा सकता, चाहे उनका वाहन ही क्यों न हो।

इस पर बसपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि जब आपका वाहन नहीं जा सकता तो दूसरों के वाहन के जाने का तो सवाल ही नहीं उठना चाहिए। व्यवस्था बनाने में हम सब आपके साथ हैं। इसके बाद अधिकारियों ने अपनी निगरानी में परिसर के बाहर बैरीकेडिंग कराई और वहां तैनात पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी हालत में वाहनों को अंदर प्रवेश न दिया जाए।

- बनाया गया है स्ट्रांग रूम, विपक्षी दलों के नेताओं ने किया बवाल


वाहन, जिसको लेकर जताई गई आपत्ति।


एसपी से बात करते बसपा और सपा के जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

### शराब के नशे में था कर्मचारी: यादव

सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव ने बताया कि वाहन के अंदर एक युवक बैठा था। यह नशे में था और जेब में शराब की बोतल भी थी। उन्होंने बताया कि निजी वाहन में मजिस्ट्रेट भी लिखा था। बताया कि युवक को अधिकारी अपने साथ ले गए और आश्वस्त किया कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। युवक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बताया जाता है।


आरोपी कर्मचारी।

### अखिलेश को दी जानकारी

सपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने मामले की जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को दी। इस पर उन्होंने यह सुनिश्चित कराने को कहा कि गेट पर लॉग बुक की व्यवस्था कराई जाए। इस पर उन्होंने एसडीएम से बात की है। बताया कि अखिलेश ने कहा है कि इसकी जानकारी चुनाव आयोग को देंगे। शिवशंकर ने दावा किया कि उनके प्रत्याशी की मजबूत स्थिति है और ऐसे में आशंका तो पैदा होती ही हैं।

### गाइडलाइन का उल्लंघन:शिवबाबू

बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा एडवोकेट ने कहा कि यह चुनाव आयोग की गाइडलाइन है कि जहां ईवीएम रखी हों, उस भवन के परिसर में कोई वाहन प्रवेश नहीं करेगा। इसके बाद भी नीली बत्ती लगा निजी वाहन यहां प्रवेश कर गया, जो आशंकाओं को जन्म देता है। इसके अंदर बैठा कर्मचारी शराब पिए था, यह भी घोर आपत्तिजनक है। ऐसे में किसी भी तरह की अनियमितता की आशंका मन में आना स्वाभाविक है। बताया कि वे लोग चौबीस घंटे बाहर बैठकर निगरानी कर रहे हैं।

## 20 वर्ष से आधी अधूरी पड़ी जमरेही तीर गांव की सड़क

**कुरारा हमीरपुर।** विकास कार्यों को लेकर चाहे किसी दल की सरकार रहे अधिकारियों में उदासीनता ही रहती है। ग्राम पंचायत भटपुरा (जलाला) के मजरा जमरेही तीर गांव की बात करें तो 20 साल पूर्व पीटीसीएल कार्यदाई संस्था ने करीब तीन किमी सड़क का निर्माण कराया था। लेकिन आधी अधूरी इस सड़क को बना कर कार्यदाई संस्था रफूचक्कर हो गई। तबसे ग्रामीण आवागमन की परेशानी झेल रहे हैं।

सड़क को लेकर ग्रामीणों में सुलग रही नाराजगी मतदान के समय खुलकर सामने आई। बिना किसी को कुछ बताए ग्रामीण जब बगल गांव भौली में बने मतदान केंद्र पर वोट डालने नहीं पहुंचे। तब जनप्रतिनिधियों इसकी जानकारी हो सकी। फिलहाल आश्वासन मिला और सड़क बनाने में हुआ भ्रष्टाचार भी सामने आ गया। जलाला ग्राम पंचायत के मजरा जमरेही तीर गांव की आबादी करीब 900 है। जहां 20 साल पूर्व पीटीसीएल कार्यदाई संस्था ने करीब तीन किमी सड़क बनाने का काम लिया। लेकिन जिम्मेदार गिट्टी डालकर डामरीकरण करना भूल गए। भटपुरा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय कुमार, अजीत, बालमुकुंद, रामदास आदि ग्रामीणों ने बताया कि करीब 20 साल पहले पीटीसीएल से सड़क का निर्माण हुआ था, जिसमें विभागीय अधिकारियों ने डामरीकरण ही नहीं कराया। तबसे ग्रामीणों को आवागमन में बहुत ही असुविधा का सामना करना पड़ता है। गांव से विद्यालय आने जाने वाले छात्र छात्राओं को बरसात के मौसम में पैदल ही चलकर जाना पड़ता है।

# खप्टिहा संपर्क मार्ग की हालत बदतर

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

- गड्ढामुक्त अभियान की खुलने लगी पोल
- दर्जन भर गांवों के लोगों का इसी रास्ते से होता आवागमन

**अमृत विचार।** विकास के तमाम दावों के बीच कई ऐसी तस्वीरें सामने आती हैं, जो सब पर पानी फेर देती हैं। मऊ-मानिकपुर विधानसभा अंतर्गत औंझर मोड़ से खप्टिहा गांव को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग की हालत भी ऐसी है। सड़क की दुर्दशा की तस्वीरें गड्ढामुक्त अभियान की पोल खोलती हैं।

सियासी विकास की पटकथा में दशक भर से जीर्णोद्धार की बाट जोह रहा खप्टिहा संपर्क मार्ग की ओर किसी का ध्यान नहीं गया। बरसात के समय इसी रोड पर जगह जगह जलभराव होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। रोड खराब होने से राहगीरों को आने जाने में रोज भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा तो दिक्कत तीमारदारों को और बच्चों को होती है।

लगभग दर्जन भर से अधिक गांव-मजरों के लोग इसी मार्ग से मऊ और लालतारोड आतेजाते हैं लेकिन औंझर मोड़ से खपटिहा नदी तक लगभग डेढ़ किलोमीटर तक के बेहद खराब रास्ते पर अक्सर गिर जाते हैं। जुलाई में स्कूल खुल जाने पर बच्चों को भी इसी रास्ते से होकर आनाजाना पड़ेगा।

इस संबंध में खपटिहा निवासी छात्र नेता अंकित द्विवेदी का कहना है कि यह रास्ता इतना खराब है कि लोग संभल संभल कर चलते हैं उसके बाद भी चुटहिल हो जाते हैं। कई वर्षों से यह सड़क इसी तरह है। बीच में काम शुरू हुआ लेकिन पता नहीं किन कारणों से फिर से बंद हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल्द से जल्द सड़क बनवाई जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। उनका कहना है कि लोगों की इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों को जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है।


यह हाल है सड़क का। अमृत विचार

### विकास के नाम पर बंदरबांट : संतोष



खपटिहा गांव के संतोष कुमार पांडेय जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों पर गुस्सा करते हुए कहते हैं कि सड़क की दुर्दशा इतनी खराब है कि पूछिए ही मत। विकास के नाम पर सिर्फ बंटरबांट हुआ है। न जाने कब सड़क बनेगी।

### पता नहीं क्यों हुआ काम बंद:दिलीप



पूर्व ग्राम प्रधान दिलीप द्विवेदी कहते हैं कि अचानक काम को ठेकेदार ने बंद कर दिया। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी कभी देखने तक नहीं आए। इस सड़क के निर्माण की जांच हो और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हो।

### पांच मिनट का रास्ता, लगता एक घंटा:विजय शंकर



खपटिहा निवासी विजय शंकर शर्मा कहते हैं कि सड़क से रोज हजारों लोग आवागमन करते हैं। पांच मिनट का रास्ता तय करने में एक घंटे का समय लगता है। सरकार इसे जल्द से जल्द बनवाए कि लोगों को सहूलियत मिल सके। अरविंद द्विवेदी का कहना है कि सड़क इतनी खराब है कि बच्चे बूढ़े अक्सर चोटहिल होते रहते हैं। लोगों को काफी दिक्कते होती हैं। इस ऊबड़ खाबड़ रास्ते के कारण मरीजों को तय समय पर प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करवाना काफी चुनौतीपूर्ण हो गया है। प्रशासन उक्त समस्या का जल्द से जल्द समाधान करे।


बेखौफ होकर मतदान करने जातीं ग्रामीण महिलाएं। अमृत विचार

# बिलहरी के बाशिंदों ने निडर होकर डाले वोट

कार्यालय,चित्रकूट

- कभी इलाके में सिर चढ़कर बोलता था डकैत गौरी का आतंक

**अमृत विचार।** चुनाव का परिणाम चाहे जो भी हो लेकिन यह चुनाव पाठा के बीहड़ी इलाकों के बाशिंदों के लिए खास रहा। कभी दस्युओं के फरमान से वोट डालने वाले ग्रामीण अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में वोट डाल सके, वह चाहे किसी भी पार्टी का हो।

30 अक्टूबर, 2021 की सुबह एसटीएफ टीम का सामना चित्रकूट के जंगलों में गौरी यादव व उसके गैंग से हुआ था। दोनों ओर से कई राउंड गोलियां चलीं और इस मुठभेड़ में पुलिस ने साढ़े पांच लाख के इनामी गौरी यादव को मार गिराया गया था। उसी के गांव बिलहरी में इस बार चुनाव बिना डकैत और बिना भय के हुआ। इसके पहले वोट डालने की सोचने की तो दूर, ग्रामीण घर से निकलने तक में डरते थे। यहां दो बूथ बनाए गए थे यहां एक बूथ में 180 महिलाओं, 193 पुरुषों ने तो दूसरे बूथ में 173 महिलाओं और 197 पुरुषों ने वोट डाला। वोटर लिस्ट में 1349 मतदाता दर्ज थे। बेखौफ मतदाताओं ने वोट डालकर संतोष की सांस ली। ज्यादातर का कहना था कि बिना किसी भय के मतदान करने का अनुभव अलग खुशी देने वाला रहा।

# प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों को बंधी उम्मीद

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरुआ समेत दर्जनों गांव-मजरों को जाने में क्षेत्रवासियों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन दुर्घटनाएं भी होती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से कह कहकर हार गए। शायद यही वजह रही कि वे मतदान का बहिष्कार पर उतारू हो गए।

बरुआ गांव तब चर्चा में आया, जब सोमवार को तमाम ग्रामीणों ने मतदान से बहिष्कार कर दिया। हालांकि मतदान का बहिष्कार किसी समस्या का हल नहीं और यह लोकतंत्र की नींव मजबूत करता है। शायद ग्रामीणों को अपनी मांग की ओर ध्यान आकृष्ट कराने का यही रास्ता नजर आया। बताया जाता है कि इस संबंध में ग्रामीणों की बैठक में निर्णय लिया गया। अधिकारियों के समझाने के बाद अपराह्न तीन बजकर 10 मिनट पर मतदान शुरू कराया गया। 195 पुरुष 173 महिलाओं ने मतदान में हिस्सा लिया।


यह है रास्ते का हाल। अमृत विचार

- बरुआ गांव के लोगों ने किया था चुनाव बहिष्कार

ग्रामीणों का कहना है कि बरुवा गांव का संपर्क मुख्य मार्ग से टूट चुका है। लगभग आठ किलोमीटर पैदल चलने के बाद अच्छी सड़क मिलती है। राजापुर छीबो रोड खोहरा बाबा देवस्थान से आठ किमी दूर स्थित बरुवा गांव जाने के लिए एकलौता संपर्क मार्ग बरुआ संपर्क मार्ग है। इस रास्ते पर रगौली, रुपौली, रीठी, तीरमऊ, भदेवरा, नोनागर, बरुवा, टिकरा, कुर्मीपुरवा आदि गांव-मजरों के बाशिंदों का आवागमन होता है। छात्र-छात्राएं राजापुर व नादिन कुर्मियांन के विद्यालयों व तुलसी इंटर कॉलेज जाने में परेशान होते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले चुनाव के समय भी जनप्रतिनिधियों ने मार्ग ठीक करवाने का आश्वासन दिया था।

बरुवा गांव के पूरन सिंह, सुधीर सिंह, आत्मा सिंह, पिंटू सिंह, इंद्रास सिंह, ढोन्नू कोटार्य, रामबली निषाद, शिवलोचन निषाद, मंझा रैदास, इस्लाम मोहम्मद, राजू सिंह, दिनेश सिंह, रंगनाथ सिंह, मुंशीलाल गुप्ता आदि ने कहा कि प्रशासन के आश्वासन के बाद अब उन लोगों को उम्मीद बंधी है कि यह महत्वपूर्ण रास्ता दुरुस्त होगा।

### भाजपा का एजेंट बनने पर मारपीट का आरोप

**चित्रकूट।** मऊ थानांतर्गत हन्ना बिनैका निवासी गोविंद प्रसाद पुत्र रामानुज ने एसपी को पत्र भेजकर कुछ लोगों पर उसको पार्टी का एजेंट बनने से मना करने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। गोविंद ने बताया कि वह भाजपा का बूथ एजेंट था। 20 जून को उसे गांव के कुछ लोगों ने एजेंट बनने और बस्ता लगाने से मना किया था। जब उसने उनकी बात नहीं मानी तो इन लोगों ने उसे गालीगलौज कर मारने की धमकी दी थी। उसने आरोप लगाया कि 21 जून को घर जाते समय पुलिया के पास आरोपियों ने मारपीट की और पांच हजार रुपये छीन लिए। आरोप लगाया कि इनके ऊपर पहले से मामले दर्ज हैं। उसने एसपी से रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की गुहार की है।

# अधिकारियों ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता,चित्रकूट

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम एवं अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने स्ट्रांग रूम राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों, कर्मचारियों को परिसर के अंदर किसी प्रकार के वाहन को प्रवेश न दिए जाने की हिदायत दी। निर्देश दिया कि किसी भी व्यक्ति को बगैर चेकिंग व कारण जाने अंदर प्रवेश न करने दें।

उन्होंने मत पेटिकाओं की सुरक्षा में लगे कार्मिकों को सावधानीपूर्वक ड्यूटी करने के लिए निर्देशित किया। उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, मानिकपुर पंकज वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र प्रताप सिंह, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## हृदय रोग निवारण शिविर पांच जून से

**सीतापुर।** जानकीकुंड चिकित्सालय में पांच से आठ जून तक स्वास्थ्य शिविर लगेगा। इसमें अमेरिका के डॉ. प्रकाश डी शाह सेवाएं देंगे। प्रशासक डॉ. एबीएस राजपूत व वरिष्ठ सर्जन डा. पूनम ने बताया कि चित्रकूट के ग्रामीण अंचलों में अच्छी चिकित्सा का अभाव है। इसी को देखते हुए श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट एवं चिकित्सालय टीम ने कैंप लगाने का फैसला लिया है। पंजीकरण शुरू है और चिकित्सालय समय में 7471116346 पर संपर्क किया जा सकता है।

### जरा बचके...


**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद अंतर्गत यह रास्ता कसहाई रोड से आदर्श पब्लिक स्कूल होते हुए गोल ताला की ओर जाता है। मंगलवार को देखते देखते एक ई रिक्शा पलट गया और उसमें बैठीं महिलाएं और बच्चे गिर गए। दो महिलाओं के पैर रिक्शे के नीचे आ गए। भगवान का शुक्र रहा कि समाजसेवी प्रभाकर सिंह और अन्य लोगों ने इनको निकाला। • अमृत विचार।

आवाज बुलंद करने की जरूरत | लोगों को सरकार की ओर से मिल रही फ्री रेवड़ियों से ऊपर उठकर रोजगार के लिए सोचना होगा

# लोग जवाबदेही दिखाते तो बरगढ़ ग्लास फैक्ट्री होती चुनावी मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** अगर बरगढ़ की फ्लोट ग्लास फैक्ट्री का चालू होना इस लोकसभा चुनाव में मुद्दा नहीं बन पाया तो इसके लिए सिर्फ जनप्रतिनिधि ही जिम्मेदार नहीं बल्कि लोग भी जवाबदेह हैं। बुद्धिजीवी लोग चर्चा करते हैं कि किस सरकार से हमें क्या फ्री मिला, कौन सरकार हमें क्या फ्री देगी, इसमें उलझा आम आदमी अब इस तरह के विकास के मुद्दों को जोरदारी से उठाता ही नहीं। अन्यथा न जाने कब यह फैक्ट्री चालू हो गई होती।

लोग कहते हैं कि इसके लिए लगभग सभी पार्टियों के जनप्रतिनिधियों के साथ जनता को भी अपनी अगली पीढ़ी को जवाब देना होगा। विडंबना रही कि लगभग हर प्रमुख पार्टी की सरकारें आईं पर किसी ने इस दिशा में सोचा तक नहीं। बरगढ़ फैक्ट्री के उद्घाटन के समय प्रत्यक्षदर्शी रहे पूर्व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष एडवोकेट बालेंदु शेखर द्विवेदी बताते हैं कि एशिया के दूसरे नंबर की ग्लास फैक्ट्री अगर लग गई होती तो न जाने कितने लोगों को रोजगार मिल जाता। इससे पूरे बुंदेलखंड में युवाओं के रोजगार के लिए एक आस जगी थी लेकिन थोड़े दिन बाद उम्मीदों पर पानी फिर गया। पर्यावरणविद् और युवा समाजसेवी अनुज हनुमत कहते हैं कि जब तक लोग जागरूक नहीं होंगे, कुछ नहीं हो सकता। लोगों को फ्री की संस्कृति से उठकर अपने रोजगार के लिए सोचना होगा। जब तक इस मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकारें एक साथ ध्यान नही देंगी तब तक फैक्ट्री यूं ही बदहाल पड़ी रहेगी। बुंदेली जनादेश ने पिछले तीन दशक में हर पार्टी को मौका दिया लेकिन अब तक इस मुद्दे पर किसी ने ठोस पहल नहीं की।

अनुज कहते हैं कि बुंदेलखंड के विकास पर पानी की कमी, अनुपजाऊ भूमि और जनप्रतिनिधियों की असक्रियता तीनों एक साथ प्रहार करते आए हैं। ऐसी ही कहानी बुंदेलखंड की इकलौती ग्लास फैक्ट्री की है, जिसका शिलान्यास कांग्रेस की सरकार में हुआ था लेकिन आज तक यह चालू नही हो पाई।


बदहाल पड़ी बरगढ़ फ्लोट ग्लास फैक्ट्री। अमृत विचार


बालेंदु शेखर।


अनुज हनुमत

### जनप्रतिनिधियों ने सिर्फ ठगा : अजय राज

सपा के यूथ बिग्रेड के प्रदेश सचिव अजय राज त्रिपाठी कहते हैं कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की जनता को झूठे आश्वासन देकर ठगा है। नेताओं ने कभी भी ठोस पहल नहीं की। की होती तो नतीजा जरूर सकारात्मक होता और आज युवा रोजगार के लिए पलायन को मजबूर न होता।

### कांग्रेस सरकार जाने से हुआ नुकसान:पंकज



पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस चित्रकूट और एआईसीसी सदस्य पंकज मिश्र बताते हैं कि ग्लास फैक्ट्री की स्थापना के पीछे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की यहां के विकास और लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की सोच थी। कांग्रेस की सरकार न रहने व लगातार दूसरे दलों की प्रदेश सरकारें व चुने गए जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के कारण हमने एक बहुत बड़ा नुकसान उठाया। हमने कई बार इस आंदोलन को आगे बढ़ाया पर सत्ताधीशों ने अड़चनें पैदा कीं। कांग्रेस की सरकार बनी तो इसे चालू कराने का प्रयास करेंगे। सरकार से मांग है कि इसे चालू कराए।

### पाठा से हुआ सौतेला व्यवहार : पवन



बरगढ़ के मूल निवासी वरिष्ठ पत्रकार पवन रस्तोगी कहते हैं कि क्षेत्र की बेरोजगारी को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कभी ध्यान नहीं दिया। बरगढ़ ग्लास फैक्ट्री जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते बंद हुई है। पाठा के साथ हमेशा से सौतेला व्यवहार किया गया है, जो आज भी जारी है।

## सार-संक्षेप

### भागवत कथा सुनने को उमड़े श्रद्धालु

**रामनगर (चित्रकूट)।** ग्राम पंचायत छीबों में रामअभिलाष सिंह के आवास में सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन रेरुवा निवासी कथाव्यास विनय कृष्ण शास्त्री ने बताया कि भगवान भक्त के प्रेम के भूखे होते हैं उन्हें केवल भक्ति के माध्यम से ही पाया जा सकता है अन्य कोई उपाय धर्म शास्त्रों ने नहीं बताया।


विनय कृष्ण शास्त्री।

### प्रेमी के साथ जा रही किशोरी को परिजनों ने पकड़ा

**हमीरपुर।** शहर में एक मंदिर के पास मंगलवार को प्रेमी संग जा रही किशोरी को उसी के परिजनों ने पकड़ लिया। जिस पर किशोरी ने बीच सड़क पर हंगामा खड़ा कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस प्रेमी युगल और उसके परिजनों को कोतवाली ले गई है। शहर के एक मोहल्ला निवासी प्रेमी युगल अलग अलग बिरादरी के हैं। मंगलवार को किशोरी अपने प्रेमी युवक के साथ घर से निकल गई। तभी किसी ने परिजनों को सूचना दे दी। इस पर परिवार के लोगों ने उसे मेहेर बाबा मंदिर के निकट पकड़ लिया। इस पर किशोरी प्रेमी के साथ जाने की जिद कर हंगामा करने लगी। देखते ही देखते लोगों का हुजूम एकत्र हो गया। इस ड्रामे की सूचना पर पहुंची पुलिस उन लोगों को कोतवाली ले गई है।

### एंटीरोमियो टीमों ने किया जागरूक

**चित्रकूट।** मिशन शक्ति के तहत मंगलवार को थानों की एंटी रोमियों टीमों ने क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय की अगुवाई में टीमों ने सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामों में भ्रमण किया और जागरूक किया। हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। महलाओं-युवतियों को बताया गया कि यदि उनके साथ कोई दुर्व्यहार होता है तो बिना देरी किए पुलिस की मदद लें। ताकि समय रहते आरोपियों के खिलाफअ कार्रवाई की जा सके।

# मतदान के बाद चौपालों में हो रही हार-जीत की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● हार-जीत को लेकर हो रही बहस से समर्थकों में बढ़ीं तल्खियां
● सभी समर्थक कर रहे अपने अपने प्रत्याशी की जीत का दावा

**अमृत विचार।** बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने के बाद प्रत्याशियों की जीत-हार की समीक्षा शहर व कस्बों के चौक-चौराहों से लेकर गांव की गलियों व चौपालों तक जोर पकड़े हुए हैं। समर्थक अपने-अपने दलों व उम्मीदवारों की जीत का दावा कर रहे हैं। सोमवार को भाजपा, बसपा और सपा समेत सभी 12 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद हो चुकी है, जो चार जून को खुलेगी। चौक-चौराहे, चाय-पान की दुकानों, बाजारों से लेकर गांव-गलियों और चौपालों पर एक-दूसरे के समर्थक अपने प्रत्याशी की जीत का दावा ठोक रहे हैं। वहीं जीत के लिए बाजियां भी लगाई जा रही हैं।


मतदान के बाद हार-जीत की चर्चा करते लोग। अमृत विचार

मतदाताओं की चुप्पी ने प्रत्याशियों को बेचैनी बढ़ा दी है।

सोमवार को मतदान समाप्त होने के बाद लोगों में जीत-हार पर मंथन का दौर शुरू हो गया है। हार-जीत के दावों को लेकर समर्थकों में आपसी तकरार बढ़ गई है। बातों-बातों में लोगों के सुर तेज होते जा रहे हैं। नतीजतन जीत के दावे को लेकर तल्खियां बढ़ी हैं। जिसे अब पाटने में समय लगेगा। नेता तो चुनावी जीत व हार के बाद अपने स्थान ले खिसक लेंगे। लेकिन लोगों में जीत के दावों को लेकर बढ़ रहे विवाद शायद जल्द दूर नहीं होंगे। गांवों से लेकर शहरों तक आमतौर पर यही स्थिति है। सभी जगहों पर किस दल के प्रत्याशी की जीत होगी और किसकी हार होगी ? कहीं कहीं इस मुद्दे पर बहस विवाद का रूप ले रही है।

समर्थक अपने मोबाइल से वोटों का आंकड़ा संग्रह कर रहे हैं। वहीं राजनीतिक पंडित गुणा-भाग निकाल रहे हैं कि जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा। हालांकि सभी प्रमुख राजनैतिक दलों के समर्थक अपने-अपने प्रत्याशी के जीत के दावे कर रहे हैं। किस प्रत्याशी के पक्ष में हवा चली, कौन जीत सकता है? इन चर्चाओं का माहौल खासा गर्म रहा। लोग चुनावी जानकारी पाने के लिये इतना उतावले दिखाई दिये कि कामकाज छोड़कर पार्टी कार्यालयों में पहुंचकर जीत हार के लिये गुणा भाग करते रहे।

### चुनाव बाद प्रत्याशियों के घर गुलजार

चुनाव होने के बाद उम्मीदवारों के कार्यालयों में जहां सन्नाटा पसर गया वहीं प्रत्याशियों के घर गुलजार हो गये हैं। समर्थक और चुनाव में दिन-रात मेहनत करने वाले मतदाताओं का प्रत्याशियों के घरों पर जमावड़ा लग रहा है। समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता अब अपने-अपने प्रत्याशियों के जीत के दावे करते हुये थक नहीं रहे हैं। चुनाव कार्यालयों में तालाबंदी के बाद अब समर्थक घरों में चाय नाश्ता चट कर रहे हैं।

### मतदाताओं की चुप्पी से प्रत्याशियों में बढ़ी बेचैनी

मतदान के बाद जहां एक ओर जीत-हार पर चर्चा जारी है। वहीं जन समस्याओं पर प्रत्याशियों की चुप्पी कई लोगों को सोचने पर विवश कर दी है। लोगों का कहना है कि किसी भी मुद्दे पर प्रत्याशियों ने चुनाव के दौरान चर्चा नहीं की। लोकसभा क्षेत्र के कई ऐसे गांव हैं जहां लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। कहते हैं लोग कि एक तरफ सत्ताधारी दल के समर्थक विकास की बात करते हैं, तो विपक्षी इसे ठीक से मतदाताओं को समझा नहीं पाए। लोकसभा चुनाव भले ही शांति पूर्ण निपट गया हो लेकिन मतदाताओं की चुप्पी ने प्रत्याशियों को बेचैनी बढ़ा दी है। राजनीतिक दल और उनके प्रत्याशी सभी इस खामोशी का अर्थ लगाने में जुटे हैं।

# अन्ना मवेशी को बचाने में कार पलटी, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● हादसे में कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल

**अमृत विचार।** सड़कों पर घूम रहे अन्ना मवेशी लोगों की जान के दुश्मन बने हुए हैं। ताजी घटना में कार के सामने अचानक अन्ना मवेशी के आ जाने से तेज रफ्तार कार आनियंत्रित होकर खंती में पलट गई। हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सड़कों पर घूमते आवारा मवेशी दुर्घटना का सबब बन रहे हैं। जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर निवासी अंकित (22) पुत्र शिवशरन अपने पड़ोसी दोस्त बल्ला और एक अन्य युवक के साथ नजदीक स्थित बेरांव गांव में निमंत्रण में शामिल होने के बाद कार से लौट रहे थे। कमासिन थाना क्षेत्र के अंड़ौली गांव मोड़ के पास तेज रफ्तार कार के आगे अचानक मवेशी आ गए। उन्हें बचाने के प्रयास में कार सड़क किनारे खंती में पलट गई। कार सवार तीनों लोग नीचे दब गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणो ने कार के नीचे दबे सभी घायलों को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यहां उपचार होने से पहले अंकित ने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता ने बताया कि अंकित मजदूरी करता था।

## एक नजर

### करंट से महिला की मौत

**बांदा।** कूलर में करंट उतर आने से चपेट में आकर महिला की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गिरवां थाना क्षेत्र के छिबांव गांव निवासी सीमा (40) पत्नी सुनील कुमार मंगलवार की सुबह काम कर रही थी। तभी उसका हाथ कूलर में छू गया। वह करंट की चपेट में आकर चिपक गई। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची सास ने देखा तो आनन फानन प्लग हटा कर करंट से मुक्त कराया। उसे तत्काल रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पड़ोसी अमरनाथ ने बताया कि सीमा के पति की दो साल पहले हादसे में मौत हो गई थी।

### दो ने जहर खाया

**बांदा।** चिल्ला कस्बा निवासी नेहा (20) पुत्री देवराज ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। शहर के कालू कुआं मोहल्ला निवासी उमाकांत (18) ने घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### किशोर घर से लापता

**नरैनी।** कोतवाली क्षेत्र के बड़ैछा गांव निवासी अशोक पुत्र बंजारी साहू ने कोतवाली पुलिस को बताया कि मेरा पुत्र सोनू उर्फ च्वांगा उम्र 17 वर्ष 18 मई को घर से लापता हो गया जिसकी काफी खोजबीन की लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं हुई है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला पंजीकृत किया है।

### मकान के बंटवारे को लेकर भतीजों ने चाचा को मारापीटा

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के पथनौड़ी गांव में मकान के बंटवारे को लेकर हुए विवाद के चलते दो युवकों ने अपने चाचा को जमकर जमकर पीटा। घायल चाचा को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पथनौड़ी निवासी नरेंद्र पुत्र नंदराम ने बताया कि मकान के बटवारे को लेकर हुए विवाद में उसके भतीजे बृजेश और धर्मेंद्र ने उसके साथ गाली गलौज कर बेरहमी से उसकी पिटाई कर दी। बताया कि मारपीट की घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

### युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**नरैनी।** गिरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक विधवा मां ने पुलिस को बताया कि मेरे ही गांव का रहने वाला एक युवक मेरी 18 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शकील पुत्र मंगल के खिलाफ धारा 366 के तहत मामला पंजीकृत किया है।

# त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में कैद हुई दर्जनभर प्रत्याशियों की किस्मत

## स्ट्रांग रूम के पास परिंदा भी नहीं मार सकता पर, चारों तरफ लगाए गए हैं सीसीटीवी

कार्यालय संवाददाता,बांदा

● अधिकारियों को भी इंट्री के बाद ही अंदर जाने दिया जा रहा है
● मतगणना तक नोडल अधिकारी करेंगे निगरानी

**अमृत विचार।** बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट पर किस्मत आजमा रहे सभी प्रत्याशियों की किस्मत त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में कैद हो गई। यहां सुरक्षा के इतने कड़े प्रबंध किए गए हैं कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। अधिकारियों को भी इंट्री दर्ज करने के बाद ही स्ट्रांग रूम के अंदर जाने दिया जा रहा है। चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगाकर हरेक पल पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

सोमवार को बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र में मतदान खत्म होने के बाद ईवीएम को त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रखा गया है। तिंदवारी रोड स्थित मंडी समिति परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा अर्द्धसैनिक बल के हाथों में है। सुरक्षा के लिहाज से पुलिसकर्मियों को भी अंदर जाने की इजाजत नहीं है। अंदर आने जाने वाले अधिकारियों की इंट्री रजिस्टर में दर्ज की जा रही है। पहले घेरे में अर्द्धसैनिक बल की एक कंपनी तैनात की गई है।


स्ट्रांग रूम में तैनात सुरक्षाकर्मी। अमृत विचार

दूसरे घेरे की कमान एक प्लाटून पीएसी के हवाले है। बाहरी घेरे में एक दर्जन से अधिक पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। इसकी कमान कई निरीक्षकों के हाथों में है। वहीं प्रत्याशी व उनके समर्थक भी स्ट्रांग रूम के बाहर सुरक्षा का जायजा भी ले रहे हैं। एक पखवारा बाद मतणगना होगी। चुनाव आयोग ने ईवीएम की सुरक्षा के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर हर दिन रिटनिंग अधिकारी सुबह और शाम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी को भी दे रहे हैं। यह रिपोर्ट रोजाना आयोग को भेजी जा रही है। आयोग के निर्देश के बाद स्ट्रांग रूम में चैबीस घंटे बिजली और आग से बचाव के इंतजाम भी प्रशासन ने किए हैं। उधर, अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा ने बताया कि मतगणना होने तक स्ट्रांग रूम को कड़े सुरक्षा घेरे में तब्दील कर दिया गया है। पूरा परिसर सीसीटीवी कैमरे में लैस है। स्ट्रांग रूम में पुलिस कर्मियों को भी जाने की इजाजत नहीं है। सुरक्षा की कमान अर्द्धसैनिक बल के हवाले है। सुरक्षा के लिए नोडल अधिकारी मतगणना तक निगरानी करेंगे।

### इस तरह बना सुरक्षा घेरा

- हर स्ट्रांग रूम के प्रथम घेरे में अर्द्धसैनिक बल के जवान चौबीस घंटे मुस्तैद हैं।
- अंदरूनी सुरक्षा से आगे दूसरे घेरे में भी पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं।
- तीसरा और सबसे बाहरी घेरा जिले की पुलिस फोर्स का लगाया गया है।
- किसी अधिकृत व्यक्ति के दूसरे सुरक्षा घेरे के अंदर प्रवेश करने पर हो रही वीडियोग्राफी।
- किसी भी व्यक्ति के स्ट्रांग रूम में आने पर उसका पूरा ब्योरा दर्ज कराया जा रहा है।
- प्रत्याशी या उनके एजेंट भी सीसीटीवी के जरिए स्ट्रांग रूम की मानीटरिंग कर रहे।

# मृत कर्मी के परिजनों को दिया मदद का भरोसा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** चुनाव ड्यूटी के दौरान शाम को अचानक तबियत बिगड़ने पर मतदान कार्मिक की सोमवार को उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई थी। जिस पर जिलाधिकारी के दिशा निर्देश पर अपर जिलाधिकारी अमिताभ यादव ने तत्काल मृतक कार्मिक के घर पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और हर संभव मदद का भरोसा दिया।

यह जानकारी देते हुए सहायक रिटर्निंग आफीसर तिंदवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय में कार्यरत चतुर्थ कर्मी रघुवर दयाल को मतदान अधिकारी तृतीय के रूप में लोकसभा चुनाव संपन्न कराए जाने के लिए विधानसभा क्षेत्र तिंदवारी के प्राथमिक विद्यालय ददरिया मतदान केंद्र पर ड्यूटी लगाई गई थी, जिसकी शाम लगभग पौने 6 बजे अचानक तबियत खराब हो गई, जिसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, इलाज के समय कर्मचारी का सुगर हाईलेबल पर था और ब्लड प्रेशर भी काफी बढ़ा हुआ था। चिकित्सकों द्वारा अस्पताल में करीब एक घंटे तक कर्मचारी का सघन उपचार किया गया। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। कर्मचारी की मृत्यु की सूचना पर जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने अपर जिलाधिकारी अमिताभ यादव को तत्काल मृत कर्मचारी के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना देने के लिए भेजा और पोस्टमार्टम के लिए सहमति प्राप्त की, ताकि शासन से मिलने वाली मुआवजा धनराशि दिलाई जा सके। इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी ने मृतक परिजनो को भरोसा दिलाया है कि शासन से मिलने वाली राशि उन्हें शीघ्र दिलाई जाएगी और परिजनों की हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई परेशानी हो तो वह अवगत करा सकते हैं।


कर्मचारी के परिजनों को ढांढस बंधाते एडीएम। अमृत विचार

● चुनाव ड्यूटी के दौरान कृषि विभाग कर्मचारी की मौत

# एक साथ रहने को राजी हुए तीन दंपति

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक की ओर से संचालित परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन में तीन परिवारों को टूटने बचाया। तीनों दंपत्ति आपसी मतभेदों को भूलकर खुशी-खुशी एक साथ रहने को राजी हुए। पुलिस टीम और काउंसलरों ने तीनों को माला पहनाकर विदाई दी।

परिवार परामर्श केंद्र में मंगलवार को पुलिस टीम और समाजसेवियों ने परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर सुलह के जरिए तीन परिवारों को टूटने से बचा लिया। शहर कोतवाली क्षेत्र निवासी गिरजा देवी, देहात कोतवाली क्षेत्र की अंजली पत्नी विमल यौर तिंदवारी थाना क्षेत्र की रहने वाली अंजली पुत्री चुन्नू ने एसपी को शिकायती पत्र दिया था। तीनों परिवार टूटने के कगार पर थे, लेकिन परिवार परामर्श केंद्र सदस्यों की सूझबूझ से पति-पत्नी के बीच मनमुटाव को दूर कर दिया गया। सभी एक साथ रहने को राजी हो गए। तीनों को परिवार परामर्श केंद्र से हंसी खुशी विदा किया गया। आपसी सुलह होने पर परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने सभी परिवारों को साथ आपस में सामंजस्य बैठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह दी गई। इस मौके पर उप निरीक्षक अनुपमा तिवारी, काउंसलर प्रदीप तिवारी, महिला कांस्टेबिल आशा वर्मा व कनीज जहरा आदि उपस्थित रहीं।


सुलह समझौता करातीं उप निरीक्षक। अमृत विचार

# पति से विवाद के बाद युवती ने फांसी लगाकर जान दी

**पैलानी।** फोन पर पति से विवाद होने के बाद युवती ने कमरे के अंदर सीलिंग हुक पर साड़ी का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गई। मायके वालों ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है।



थाना क्षेत्र के सिंधन कलां गांव निवासी पूजा (24) पत्नी मिथलेश ने सोमवार की दोपहर कमरे कें अंदर पंखा की हुक पर साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शाम को ननद ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। मृतका के ससुर रामनरायण ने बताया कि मिथलेश दमन (सूरत) में रहता है। मोबाइल फोन पर अक्सर दोनों के बीच विवाद होता था। सोमवार को फोन पर विवाद के बाद पूजा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया।

मऊ थाना क्षेत्र के इंगुवा मऊ गांव निवासी मृतका की बुआ मैना और पिता रामसूरत ने बताया कि पूजा की शादी दो साल पहले हुई थी। पति उसके साथ अक्सर मारपीट करता था। दो माह पहले पति ने मारापीटा था। कई बार पति को समझाया गया। लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आता था। बुआ का आरोप है कि कामकाज को लेकर सास और ननद भी परेशान करती थीं। ससुराली जनों ने पूजा को मार पीट कर मार डाला। शव को फंदे पर लटका कर आत्महत्या का रूप दे दिया। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


लोगों को पानी पिलाता पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### प्याऊ खुलवाकर पुलिसकर्मी ने पेश की मानवता की मिसाल

**बांदा।** अतर्रा थाने में तैनात पुलिस कर्मी ने मानव सेवा परमोधर्मा की भावना को चरितार्थ करते हुए सार्वजनिक स्थल पर निरूशुल्क प्याऊ शुरू कराते हुए समाज के सामने मानवता की एक नई मिशाल पेश की है। प्याऊ में राहगीर पानी पीकर पुलिस कर्मी की समाजसेवा की सराहना की। गौरतलब हो कि थाना अतर्रा पर नियुक्त आरक्षी अंकित वर्मा अपने बीट क्षेत्र में गौराबाबा धाम के पास मन्दिर और ग्राउण्ड में आने जाने वाले लोगों को प्यास लगने पर पानी न मिलने की समस्या को देख रहे थे। इस पर आरक्षी ने गौराबाब धाम पर आने जाने वाले लोगों के लिये घड़े रखवाकर निरूशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की है, जिससे इस भीषण गर्मी में मन्दिर और ग्राउण्ड में आने जाने वाले लोगों को प्यास लगने पर शीतल जल उपलब्ध हो सके और उन्हें प्यास बुझाने के लिए पानी के लिए इधर, उधर भटकना न पड़े। आरक्षी अंकित वर्मा ने प्याऊ में प्रतिदिन शुद्ध पेय जल भरने की स्वतरू जिम्मेदारी ली है। आरक्षी के इस समाजसेवा को देखकर लोगों द्वारा काफी प्रशंसा की जा रही है।

### ब्लॉक कार्यालय में लगा हैंडपंप व वाटर कूलर खराब

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** ब्लाक कार्यालय में लगा हैंड पंप एवं वाटर कूलर खराब होने से ब्लॉक कर्मियों को घरों से पानी लाकर प्यास बुझानी पड़ रही है। वहीं फरियादी पानी के लिए इधर से उधर भटकने को मजबूर होते हैं। इस समय पारा 45 डिग्री को पार कर रहा है। ऐसे में ब्लॉक कार्यालय परिसर में लगा हैंडपंप एवं वाटर कूलर खराब पड़ा है। इनके खराब होने से ब्लॉक कर्मी घरों से पानी लाकर प्यास बुझाने को मजबूर हो रहे हैं। वहीं ब्लॉक कार्यालय में आने वाले फरियादियों को पानी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर होना पड़ता है। प्रभारी एडीओ पंचायत मनीष कौशिक ने बताया कि उनके पास वित्तीय पावर नहीं है। यह उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है।


ब्लाक परिसर में बंद पड़ा हैंडपंप।

### हाईवे पर पाउडर से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कानपुर से पाउडर लादकर हैदराबाद जा रहा ट्रक हाईवे में सौंखर मोड़ के समीप पलट गया। मंगलवार को तड़के 5 बजे एक ट्रक कानपुर से पाउडर लेकर हैदराबाद जा रहा था। नेशनल हाईवे 34 में सौंखर मोड़ के पास यह बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में ट्रक चालक सुरजीत सिंह एवं खलासी राकेश निवासी कानपुर मामूली रूप से घायल हुए हैं। ट्रक के पलटने से पाउडर की बोरियां फट गई है। इससे काफी नुकसान हुआ है।

**याद किया** | पुण्यतिथि पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि

# देश में आधुनिक संचार क्रांति के जनक थे राजीव गांधी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● सभी ने पूर्व प्रधानमंत्री के न्यू इंडिया के सपने को पूरा करने संकल्प लिया
● वक्ता बोले, राजीव गांधी के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा

**अमृत विचार।** भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को पुण्य तिथि पर कांग्रेसियों ने याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिला कार्यालय में उनके चित्र पर फूल मालाएं चढ़ाई गईं और गोष्ठी हुई। कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री को आधुनिक संचार क्रांति का जनक बताया। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

रेलवे स्टेशन अवस्थी धर्मशाला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में मंगलवार कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न दुबे लालू की अगुवाई में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को पुण्य तिथि पर याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। गोष्ठी में राजीव गांधी के चित्र पर फूल चढ़ाने के बाद जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत में कंप्यूटर क्रांति राजीव गांधी की देन है।

21वीं सदी के भारत निर्माण में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। देश में संचार क्रांति के वह जनक थे। विज्ञान, टेक्नालाजी, अंतरिक्ष, रक्षा और कंप्यूटर क्रांति तथा देश में पंचायतीराज की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री के देन है। बुंदेलखंड में बरगढ़ ग्लास फैक्ट्री शुरू करा कर उन्होंने यहां के युवाओं को रोजगार देने का काम किया। लेकिन फैक्ट्री राजनीति की भेंट चढ़ गई। भारत को सुदृढ व सशक्त राष्ट्र बनाने में उनके उल्लेखनीय योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। इस दौरान सभी ने पूर्व प्रधानमंत्री के न्यू इंडिया के सपने को पूरा करने संकल्प लिया। इस मौके पर शहर अध्यक्ष अफसाना शाह, भगवानदीन गर्ग, जिला उपाध्यक्ष बी.लाल, संतोष द्विवेदी, राजेश गुप्ता, संकटा प्रसाद त्रिपाठी, संजय द्विवेदी, सत्यप्रकाश द्विवेदी, रमेश चंद्र गुप्ता, अशोक वर्धन कर्ण, असद अल्वी, डा.केपी सेन, लक्ष्मीकांत मिश्रा, शोएब रिजवी, सुखदेव गांधी, नाथू राम सेन, अली बक्श मोहम्मद नासिर वारसी, शिवशरण सिंह सेंगर आदि उपस्थित रहे।



पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी। अमृत विचार

### महाविद्यालय में दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

राजीव गांधी डीएवी महाविद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्राचार्य डा.रामभरत सिंह तोमर ने राजीव गांधी के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला और उन्हें वर्तमान संचार क्रांति का जनक बताया। श्रद्धांजलि देने वालों में डा.विष्णुस्वरूप गुप्ता, डा.राजेश गुप्ता, डा.गरिमा द्विवेदी, छोटेलाल, शकुंतला गुप्ता, धर्मवीर, उत्तम सिंह, राघवेंद्र तिवारी, रामगोपाल आदि मौजूद रहे। संचालन डा.विवेक कुमार पांडेय ने किया।

# मंडलीय पेंशन अदालत पहली को

**बांदा।** चित्रकूटधाम मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में पहली जून को मंडलीय पेंशन अदालत होगी। संयुक्त निदेशक कोषागार व पेंशन ने बताया कि आयुक्त कार्यालय में पहली जून को कमिश्नर की अध्यक्षता मे सुबह 11 बजे मंडलीय पेंशन अदालत में सेवानिवृत्त अध्यापकों, कर्मचारियों के लंबित देयकों पर सुनवाई होगी। कहा कि पेंशन अदालत से संबंधित वाद पत्र व प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों तथा जनसुनवाई से संबंधित शिकायती पत्र दो प्रतियों में अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन चित्रकूटधाम मंडल कार्यालय में पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से 25 मई तक शाम चार बजे तक प्राप्त कराये जा सकते हैं। पेंशन अदालत से संबंधित वाद पत्र तथा जनसुनवाई से संबंधित शिकायती पत्र की एक प्रति कर्मचारी अपने मूल कार्यालय में प्राप्त कराएंगे।

# घर में लगी आग से नकदी और खाद्यान्न-भूसा जलकर राख

## दमकल के आने में लग गए एक घंटे, तब तक ग्रामीणों ने आग पर पा लिया काबू

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** विकासखंड जैतपुर के ग्राम अजनर के खोई मजरा के एक मकान में शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। मकान के बाहर परिजन सहित लेटे हुए थे। तभी परिजनों ने मकान के अंदर से धुंआ उठता देखा। शोर-शराब करने पर आसपास रहने वाले ग्रामीण एकत्र हो गए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे, लेकिन तब तक घर में रखा 70 हजार नकद व खाद्यान्न जल गया। साथ ही मकान के बगल में रखा भूसा भी जलकर बर्बाद हो गया। पीड़ित गृहस्वामी ने अधिकारियों को शिकायी पत्र देकर मुआवजे की मांग की है।


आग से जला मकान व भूसा। अमृत विचार

ग्राम अजनर निवासी घसीटा पुत्र कामता कुशवाहा ने अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह मजरा खोई स्थित गल्ला मंडी के समीप खेत में मकान बनाकर अपने परिवार सहित रहता है और खेती बाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करता है। बताया कि सोमवार की रात वह खाना खाने के बाद परिजनों के साथ कमरे में बैठा हुआ था, तभी अचानक बिजली गुल हो गई, जिससे सभी लोग मकान के बाहर मैदान में लेट गए, तभी करीब नौ बजे बिजली आने पर एकाएक मकान के अंदर से धुंआ निकलने लगा और जाकर देखा तो मीटर से आग की लपटे निकल रही थी, यह देख वह जान बचाते हुए बाहर निकला और परिजनों के साथ आसपास के लोगों को मदद के लिए आवाजे लगाने लगा।

शोर शराबा सुन ग्रामीण वहां पहुंच गए और बाल्टी, डिब्बों को पानी से भरकर आग पर डालना शुरू किया, लेकिन आग बुझने का नाम नहीं ले रही थी, तभी एक ग्रामीण ने दमकल विभाग को सूचना दी। उसे पहुंचने में एक गंटे लग गए। तब तक खेत में लगे संबमिर्सबल पंप को चलाकर आग बुझाने में जुटे रहे। एक गंटे बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। पीड़ित ने बताया कि इस आग की घटना से मकान और उसमे रखा चना, दाल, गेहूं, बीस झाल भूसे के अलावा तमाम गृहस्थी का सामान जल कर बर्बाद हो गया साथ ही एक माह पूर्व बकरियों को बेंचा था, जिससे उसके पास 70 हजार रुपये नगद मकान में पक्की छत बनाने के लिए रखे हुए थे, लेकिन वह भी आग की भेंट चढ़ गए। बताया कि आग की घटना से उसे लगभग दो लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। अब पीड़ित पजिनों के पास सिर छिपाने के लिए मकान भी नहीं बचा।

## तेज धूप और लू से लोगों का बुरा हाल

**बेलाताल-महोबा।** कस्बे में गर्मी का सितम तेजी से बढ़ रहा। तेज धूप और लू के थपेड़ों के चलते सुबह 10 बजे से ही मौसम गर्म हो जाता है। आसमान से बरस रही आग में लोगों को घरों में कैद कर दिया है।

कस्बे में अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। तापमान के बढ़ जाने और लू के थपेड़े चलने से लोगों का गर्मी से बुरा हाल है। शाम 6 बजे तक गर्म हवाएं चलती हैं, जिससे लोग देर शाम को घर से निकल रहे हैं। सुबह 9 बजे से ही आसमान से आग बरसने लगती है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त होकर रह गया है। इधर भीषण गर्मी में कूलर से भी निजात नहीं मिल रही। सबसे अधिक परेशानी मजदूरों को उठानी पड़ रही। मिट्टी के घड़ों से प्यास बुझाने के लिए ठंडे पानी की जरूरत पड़ रही है। मिट्टी के घड़े व सुराही की मांग बढ़ गई है। लोग घड़ा व सुराही खरीदने के लिए बाजार पहुंच रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ.आशीष तिवारी ने बताया कि विशेष रूप से दोपहर में लंबे समय तक धूप में रहने से बचें।


यह कोई संपर्क मार्ग नहीं, उखड़ी पड़ी हाईवे है। अमृत विचार

# टोल देने के बाद भी हाईवे गड्ढायुक्त

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** वाहन चालकों को सड़कों पर सुविधाएं देने की गरज से राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स वसूला जाता है, लेकिन झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में महोबा से बांदा तक जगह जगह उखड़ा रोड और कई स्थानों पर गड्ढे वाहन चालकों के लिए मौत का सबब बने हुए हैं। हालत यह है कि टोल टैक्स देने के चक्कर में वाहन चालक भी वाहनों को सरपट दौड़ाते चलते हैं कि इस मार्ग पर सड़क अच्छी होगी। बांदा मार्ग पर टोल टेक्स लेने के बाद भी कई स्थानों पर गड्ढे और ऊबड़ खाबड़ सड़क को दुरुस्त नहीं किया जा रहा है, जिससे कभी भी दुर्घटना घट सकती है। हाईवे के गड्ढे और सड़क की मरम्मत न होने से वाहन चालकों में आक्रोश व्याप्त है।

जिन हाईवे पर टोल लगा हुआ है और वाहन चालकों से टोल टैक्स की वसूली भी की जाती है, वह हाईवे भी सरपट और गड्ढामुक्त रहते हैं। टोल टेक्स देने वाले मार्गों पर वाहन चालक धड़ल्ले से वाहनों को दौड़ाते हैं, लेकिन यदि आप बांदा हाईवे पर यात्रा कर रहे हैं तो सतर्क हो जाईए। इस हाईवे में टोल टैक्स तो लिया जाता है, लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग न तो गड्ढे ठीक किए गए और न ही उखड़े पड़े मार्ग को दुरुस्त कराया जा रहा है, इससे टोल टेक्स देने वाले वाहन चालकों में खासा आक्रोश पनप रहा है।

कबरई निवासी जगप्रसाद, कालीपहाड़ी निवासी पुरुषोत्तम उपाध्याय, रामकृपाल सहित तमाम ग्रामीणों ने बताया कि महोबा से बांदा बसों से आने जाने में भी अब ऊबड़ खाबड़ मार्ग होने से हिचकोले खाते हुए यात्रा करना पड़ती है, जबकि इस मार्ग पर मटौंध गांव के पास टोल भी वसूला जाता है।

# मतदाता सूची से नाम गायब होने से तमाम वोट नहीं पड़ सके

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- तेज धूप और लू की परवाह किए बिना वोट डालने पहुंचे मतदाता निराश लौटे

**अमृत विचार।** इस दफा के लोकसभा के चुनाव में बीएलओ की मनमानी के चलते सैकड़ों मतदाता मतदान से वंचित रह गए, इससे तमाम मतदाताओं और बीएलओ के बीच नोकझोंक भी हुई। हालत यह है कि बीएलओ द्वारा पर्चियां न भेजे जाने के बाद भी तमाम वोटर पोलिंग बूथों पर वोट डालने की उत्सुकता दिखाते पहुंच गए। तेज धूप के बीच घंटों परिवार के लोगों के नाम ढूंढने में परेशान रहे, बाद में वोटर लिस्ट से ही नाम गायब होने पर आग बबूला हो गए, जिसके चलते बीएलओ और मतदाताओं में तूतू मैंमैं देखने को मिली।

निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदाता जागरूकता रैली नुक्कड़ नाटक के जरिए गांव और शहर में मतदाताओं को अधिक से अधिक वोट डालने के लिए जागरूक किया। अधिकारियों और शिक्षकों ने भी वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए भरसक प्रयास किए, बावजूद इसके तमाम मोहल्लों के सैकड़ों लोगों के वोटर लिस्ट से नाम गायब होने पर मतदाताओं ने बीएलओ पर मनमाने तरीके से नाम वोटर लिस्ट से काटे जाने के आरोप लगाए हैं और अपनी मनमर्जी से मतदाता सूची में नाम घटा बढ़ा दिए गए, जिससे तमाम मतदाता वोट नहीं डाल सके।

लोकसभा चुनाव में अधिकारियों द्वारा मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। यही वजह है कि मतदाता उत्सुकता दिखाते हुए पर्ची न आने की परवाह किए बिना मतदेय स्थल पर पहुंच गए और बीएलओ से वोटर लिस्ट लेकर नाम खोजने लगे।

शहर के मोहल्ला आलमपुरा निवासी आधा सैकड़ा से अधिक लोगों के नाम मतदाता सूची से गायब मिले। नयापुरा, बंधानवार्ड, रेलवे कालोनी, जकरियापीर, फतेहपुर बजरिया, पनवाड़ी, खरेला, श्रीनगर, कबरई, कुलपहाड़ सहित कस्बों में भी मतदाताओं के नाम सूची से गायब मिले, जिससे मतदाता बिना वोट डाले घर वापस लौट गए।

# स्ट्रांग रूम दूर, पॉलिटेक्निक के पास तक नहीं फटक सकते

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव मतदान के बाद जिले में बनाए गए 732 बूथों से मंगाई गई ईवीएम मशीनों को राजकीय पॉलिटेक्निक महोबा में बनाए गए स्ट्रांग रूम में सशस्त्र बलों की निगरानी में रखाने के बाद स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया। अब आठ आठ घंटे की तीन शिफ्टों में सशस्त्र बलों द्वारा ड्यूटी की जा रही है। पॉलिटेक्निक में तीन सुरक्षा घेरों के बीच स्ट्रांग रूम की निगरानी की जा रही है, जहां पर पहुंचना तो दूर पालिटेक्निक परिसर में काई भी फटक नहीं पा रहा है। 4 जून तक यहां पर ईवीएम सुरखा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। मशीनों की सुरक्षा में बाहरी सशस्त्र बल को लगाया गया है।

हमीरपुर महोबा संसदीय सीट का सोमवार को शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न हो गया और ईवीएम भी सशस्त्र बलों की सुरक्षा घेरों के बीच स्ट्रांग रूम में रखा दी गई हैं। स्ट्रांग रूम की खिड़की, रोशनदान को भी चुनवा दिए गए हैं साथ ही कड़ी सुरक्षा के बीच रखी ईवीएम की निगरानी सीसीटीवी से भी की जा रही है। ईवीएम सुरक्षा के बावत सशस्त्र बल जवानों से फीटबैक भी लिया जा रहा है। चुनाव संपन्न होने के बाद लोगों द्वारा अब तरह तरह के कयास लगाए जा रहे हैं, जिसके चलते राजनैतिक माहौल एक बार फिर गर्म हो गया है। चाय पान की दुकानों में भी जीत हार को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।



राजकीय पॉलिटेक्निक में बनाया गया स्ट्रांग रूम। अमृत विचार

- त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरों के बीच स्ट्रांग रूम

जिले के महोबा और चरखारी विधानसभा सीटों का मतदान जिले 732 बूथों पर कराया गया था। चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारी सारा दिन पसीना बहाते रहे, लेकिन चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से निपट जाने के बाद अब कायकर्ता अपने पार्टी के प्रत्याशियों की जीत बता रहे हैं। इतना ही नहीं वह बैठे बैठे जीत के आंकड़े भी बता देते हैं। आज कल आल्हा चौक, ऊदल चौक, रोडवेज तिराहा पर सिर्फ चुनाव को लेकर चर्चाएं हो रही हैं।

### साप्ताहिक बंदी के दिन भी खुला बाजार

लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो सके इस गरज से जिला प्रशासन ने सभी कार्यालय, दुकानें और प्रतिष्ठान बंद रखने के निर्देश दिए थे, जिसके चलते सोमवार को शत प्रतिशत बाजार बंद रहा, लेकिन उसके एवज में मंगलवार को होने वाली सप्ताहिक बंदी के बाद भी सभी दुकानदारों ने रोज की तरह दुकानें सुबह से ही खोल ली, जिसके चलते मंगलवार के दिन खासी चहल पहल दिखाई दी। दुकानदार भी एक दिन दुकानें बंद होने से मंगलवार को सुबह से दुकानें खोलकर बैठ गए। उन्हें न किसी अधिकारी का डर था और न ही किसी का भय। वह ठप्पे से दुकानदारी करते रहे।

### शराब की दुकानें खुलते ही जुटी भीड़

लोकसभा चुनाव में तीन दिन तक शराब की दुकान पर रोक लगाए जाने से शराब के शौकीन दारू के लिए तरस गए। यहां तक की शराब की बंदी के चलते राजनैतिक दल भी इस दफा मतदाताओं का शौक पूरा नहीं करा सके। दिन रात चुनाव में मेहनत करके देर रात को लौटने वाले पार्टी के समर्थकों को दारू न मिलने से खासा परेशान रहे। हालांकि कुछ चतुर लोगों ने बंदी से पहले ही थोड़ा बहुत शराब का इंतजाम कर लिया था, लेकिन वह भी जल्द खत्म हो गई और लोग दारू को तरसने लगे। सोमवार को चुनाव संपन्न होने के बाद मंगलवार को शराब की दुकानें खुल गईं।

# मतदान के बाद अधिकारी और कर्मचारी मिटा रहे थकान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से निपटने के बाद जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली। एक माह तक चुनाव की तैयारियों की भाग दौड़ में जुटे रहे जिले के आला अफसर और प्रशासनिक अधिकरी चुनाव निपटाने के बाद मंगलवार को चुवान की थकान मिटाते रहे, जिसके चलते कार्यालयों में सन्नाटा नजर आया। इतना ही नहीं चुनाव ड्यूटी में दिन-रात जुटे कर्मचारियों को भी राहत मिल गई और वह चुनाव ड्यूटी के बाद घरों में चैन की बंसी बजाते रहे। उधर प्रत्याशियों और समर्थकों की भी दौड़ धूप थम गई और वह भी अपने अपने घरों में आराम फरमाते रहे।


तहसील परिसर में छाया सन्नाटा। अमृत विचार

लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद जिले के अधिकारियों की चुनाव को लेकर अधिक व्यवस्था बढ़ गई थी। दिन रात चुनावी कार्य में अधिकारियों ने जुटकर चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया। चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने अन्य विभागों के कर्मचारियों को निर्वाचन कार्यालय में अटैच करके चुनाव कार्य की तैयारियों को पूरा कराया। चुनाव कार्यालय में दिन रात जहां कर्मचारी जुटे रहे वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी के अलावा मुख्य विकास अधिकारी जिला, सभी उपजिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, अधिशाष अधिकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित तमाम अधिकारियों ने भी जुटकर चुनाव कार्य को में तेजी लाते हुए चुनाव निपटाने के बाद अधिकारी अब थकान मिटाते रहे।

### प्रत्याशी भी घरों में कर रहे आराम

लोकसभा चुनाव में प्रमुख दलों के प्रत्याशी तीन जिलों में संसदीय सीट का क्षेत्र होने के कारण डेढ़ से ढाई माह तक समूचे क्षेत्र तेज धूप और गर्मी के बीच अपने अपने पक्ष में हवा बनाने के लिए दिन रात मेहनत करते रहे। अपने पार्टियों के प्रत्याशियों को जीताने के लिए उसके समर्थक भी जी जान से लगे रहे। पार्टी कार्यालयों में तरह तरह के व्यंजन प्रतिदिन बनते रहे, चाय नाश्ता तो सामान्य बात रही, लेकिन दो माह तक वाहनों के अलावा पैदल चलकर लोगों से मिलकर वोट मांगने वाले प्रत्याशी और समर्थक अब पूरी तरह थक चुके हैं। सोमवार की शाम को चुनावी निपटते ही प्रत्याशी और समर्थक घरों में थकान मिटाते देखे गए। कुछ प्रत्याशी और उनके समर्थक नाई से पैरों की मसाज करते हुए दिखाई दिए।

- ज्यादातर कार्यालयों में पसरा रहा सन्नाटा

लोकसभा चुनाव की तिथि घोषित होने के बाद से अधिकारियों को दिन रात चैन नहीं मिला, यहां तक कि अधिकारी रात में पूरी नींद भी सो नहीं सके। चुनाव में भी किसी भी तरह का व्यवधान पैदा न हो और चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से निपट जाने पर अधिकारी भी खासा गदगद है।

मंगलवार को निर्वाचन कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय और राजस्व विभाग में पहले जैसी चहल पहल नजर नहीं आई। ज्यादातर अधिकारी चुनाव में देर रात तक ड्यूटी करने के कारण थकान मिटाते रहे, जबकि कर्मचारियों को ड्यूटी के बाद उन्हें अवकाश दिया गया इससे कार्यालयों में सन्नाटा छाया रहा।

सोमवार की रात को चुनाव ड्यूटी से निपटने के बाद अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने घर पहुंचे तो थकान मिटाने में लग गए।

## पूर्व पीएम राजीव गांधी की कांग्रेसियों ने मनाई पुण्यतिथि

**महोबा।** मंगलवार को शहर के आल्हा चौक में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री व भारतरत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। कांग्रेसियों ने स्वर्गीय राजीव गांधी के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया।

इस मौके पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि आज कंप्यूटर करण का योग है यह राजीव गांधी की देन है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने देश के विकास के लिए जो कार्य किए हैं, उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। शहर में कंप्यूटर क्रांति हो या मनरेगा की योजना उनके उल्लेखनीय कार्यों में शामिल हैं।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष डॉ प्रमोद निरंजन, अरविंद चौधरी, अजय कोहली, देवदत्त तिवारी, राजीव खान, मुकेश सक्सेना आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चौकीदार को पीटकर पांच हजार रुपये लूटे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पुलिस के कार्रवाई न करने पर एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**अमृत विचार।** थाना कबरई के ग्राम बीला उत्तर में एक ग्रामीण चौकीदार को सोते समय दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया और तमंचा अड़ाकर पांच हजार रुपये लूटकर भाग गए। पीड़ित द्वारा थाना में तहरीर दी गई, पुलिस ने ग्रामीण का डाक्टरी परीक्षण कर वापस लौटा दिया। दबंगों द्वारा पीड़ित पर राजीनामा करने का दबाव बनाया जा रहा है और थाना पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने पर ग्रामीण ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।


पीड़ित जवाहर।

ग्राम बीला उत्तर निवासी जवाहर ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह चौकीदारी कर अपनी जीविका चला रहा है। बताया कि बीति रात्रि वह घर के बाहर चरपाई बिछाकर सो रहा था, तभी गांव के कुछ दबंग शराब के नशे में आए और गाली गलौज कर शोर शराबा मचाने लगे, जिससे आंख खुल गई और होहल्ला करने से मना किया तो दबंग आक्रोशित हो गए और तमंचा निकालकर अड़ा दिया और मारपीट शुरू करने के बाद जेब में रखे पांच हजार रुपये निकाल लिए। आसपास के ग्रामीणों को आता देख दबंग घायल अवस्था में छोड़कर वहां से खिसक लिए।

# नहर-तालाब सूखे, पशु-पक्षी बेहाल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** तेज धूप और आसमान से बरस रही आग के चलते तालाब और नहरें सूखी पड़ी हैं। इस साल भीषण गर्मी के मौके पर नहरों के जरिए तालाबों और पोखरों में पानी न छोड़े जाने से पशु-पक्षी भी पानी के लिए बेहाल होकर इधर उधर भटक रहे हैं। स्थिति यह है कि तमाम मवेशी पानी न मिलने से जंगलों में प्यासे दम तोड़ रहे हैं। वहीं पक्षी भी पानी के अभाव में यहां वहां घूमकर किसी तरह पानी पी रहे हैं, जबकि तमाम पक्षियों को पानी की दरकार है।


सूखी पड़ी नहर। अमृत विचार

गौरतलब है कि हर साल भीषण गर्मी के मौसम में पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए नहरों के जरिए तालाबों और पोखरों को भरा जाता था, लेकिन इस साल न तो पोखरो में पानी है और पोखरों में थोड़ा बहुत पानी था वह भी तेज धूप और तापमान बढ़ने से सूख गए हैं। आज कल गर्मी के मौसम में तालाबों में पानी के स्थान पर धूल उड़ रही है, जिससे भूखे प्यासे मवेशी तालाब की तरफ भागते हैं, लेकिन तालाबों में पानी न मिलने से तमाम जानवर तालाब के किनारे दम तोड़ देते हैं।

जिले के अधिकारियों ने इस साल भी अन्ना मवेशियों की प्यास बुझाने के लिए तालाबों और पोखरों को भरने के निर्देश दिए थे, लेकिन तालाबों में पानी नहीं भरा गया, जिसके चलते नहरे भी सूखी पड़ी हैं। तालाबों में धूल उड़ रही है, अन्ना मवेशी प्यास बुझाने के लिए इधर उधर भटक रहे हैं। बावजूद इसके पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए इस साल तालाब और पोखरों को भरने का कोई इंतजाम नहीं किया गया है।

अधिक गर्मी का नतीजा — एक दिन में आ रहे 1500 तक उल्टी, दस्त, पेट दर्द और बुखार के पीड़ित

# जिला अस्पताल में तेजी से बढ़ रही मरीजों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी, तेज धूप के चलते जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। हालत यह है कि सुबह दोपहर तक तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ जुट रही है। प्रतिदिन 1200 से 1500 मरीज जिला अस्पताल में उपचार कराने के लिए पहुंच रहे, इसके अलावा प्राइवेट अस्पतालों में भी मरीज पहुंच रहे है। स्थिति यह है कि अस्पताल में पर्चा बनवाने से लेकर दवा लेने वाले काउंटरों में लंबी लंबी लाइन लग रही है।


जिला अस्पताल में पर्चा बनवाने के लिए लाइन में खड़े लोग। अमृत विचार

इस साल तेज गर्मी पड़ने से सबसे ज्यादा मरीज बुखार, जुखाम, उल्टी, दस्त, पेट दर्द से पीड़ित पहुंच रहे हैं। ओपीडी के अलावा पैथालाजी कक्ष में भी जांच के लिए मरीजों को नंबर लगाना पड़ रहा है। इतना ही नहीं तेज धूप के चलते आंख के मरीजों की भी संख्या बढ़ रही है। आंख में खुजली और लाल होना तेज धूप और गर्मी का कारण डाक्टर बता रहे है साथ ही ठंडे में रहने, धूप में कम निकलने और धूप में निकलते समय काला चश्मा लगाकर निकलने सलाह दे रहे हैं। अस्पताल के वार्ड भी आज कल मरीजों से खचाखच भरे नजर आ रहे हैं।

मंगलवार को जिला अस्पताल में सुबह आठ बजे से मरीज पर्चा बनवाने के लिए लाइन पर लग गए, जिसके चलते देखते ही देखते लंबी लाइन लग गई। उधर ओपीडी में भी मरीजों की भारी भीड़ को देखते हुए डाक्टरों ने मरीजों के पर्चे जमा करा लिए और बैठने को कहा, जबकि एक डाक्टर के कक्ष के बाहर लंबी लाइन लगी दिखाई दी। डाक्टरों ने मरीजों को देखने के बाद जांच और दवाएं लिखी, जिससे मरीज दवा कक्ष और जांच कक्ष में भारी संख्या में पहुंच गए, जिससे उन्हें भी दवा लेने के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। जांच भी नंबर आने पर की गई। जांच के बाद अचानक बिजली चली जाने पर जांच मशीन बंद हो गई, जिससे मरीज लाइट के इंतजार में बैठे रहे। डाक्टरों ने चार लीटर पानी पीने के साथ साथ नीबू, ओआरएस घोल लेने व धूप में न निकलने की सलाह दी।

### प्राइवेट अस्पतालों में भी भीड़

आज कल मरीजों की संख्या बढ़ने से प्राइवेट नर्सिंग होम के संचालकों की भी बल्ले-बल्ले है। अस्पताल में लम्बी लाइनें देखकर तमाम मध्यम वर्ग के लोग लाइन में लगने के बजाय प्राइवेट अस्पतालों में उपचार करा रहे हैं, जिससे उनका पैसा अधिक खर्च हो रहा, लेकिन समय बचने के साथ साथ धूप से भी निजात मिल रही है। तमाम मरीजों का सरकारी अस्पताल में लंबी लाइन में लगने से काफी देर में नंबर आता है, तब तक तेज धूप और लू के थपेड़े मरीजों के लिए मुसीबत बन जाते हैं, जिससे प्राइवेट अस्पतालों में मरीज उपचार करा रहे हैं।

# स्ट्रांग रूम सील, 24 घंटे रहेगी बीएसएफ के जवानों की नजर

## राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता कर रहे हैं कंट्रोल रूम में बैठकर निगरानी, लग रही ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर




नवीन गल्ला मंडी में स्ट्रांग रूमों का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। स्ट्रांग रूमों की निगरानी करते सपा कार्यकर्ता।

**अमृत विचार।** सोमवार को मतदान के बाद शाम 6:50 बजे तक सुमेरपुर नवीन गल्ला मंडी में वापस लौटी पोलिंग पार्टियों के आने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। प्रपत्र आदि तैयार करके पीठासीन अधिकारियों ने तड़के करीब 5:00 बजे तक ईवीएम स्ट्रांग रूम में जमा कराई। इसके बाद अधिकारियों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम सील करके अर्धसैनिक बलों के हवाले किया गया। स्ट्रांग रूमों की निगरानी कड़ी सुरक्षा के बीच तीसरी आंख के साथ दलीय कार्यकर्ता भी कर रहे हैं। मंगलवार को दोपहर में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने नवीन गल्ला मंडी का दौरा करके स्ट्रांग रूमों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सोमवार को मतदान के बाद कस्बे से पहले पोलिंग पार्टियों शाम 6:50 पर सुमेरपुर कस्बे की नवीन गल्ला मंडी पहुंची। इसके बाद रात 12:00 तक पोलिंग पार्टियों के नवीन गल्ला मंडी पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। वापस आने पर पीठासीन अधिकारियों ने प्रपत्र आदि तैयार करके ईवीएम जमा करने का कार्य शुरू किया। तड़के करीब 5:00 बजे तक ईवीएम के साथ प्रपत्र जमा कराए गए। इसके बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, अधिकारियों व प्रेक्षक की मौजूदगी में स्ट्रांग रूमों को सील करके सुरक्षा का जिम्मा सीमा सुरक्षा बल के जवानों को सौंपा गया। सीमा सुरक्षा बल के जवानों के अलावा स्ट्रांगरूमों की पहरेदारी सीसीटीवी कैमरा के साथ सपा, बसपा व भाजपा के कार्यकर्ता भी मंडी में मौजूद रहकर कर रहे हैं। मंगलवार को दोपहर जिलाधिकारी राहुल पांडेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने गल्ला मंडी पहुंचकर हमीरपुर एवं राठ विधानसभा के लिए अलग-अलग बने स्ट्रांग रूमों का निरीक्षण किया। सीओ सदर राजेश कमल, मौदहा सीओ श्रेयश त्रिपाठी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### पीठासीन अधिकारी ने युवक के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

राठ (हमीरपुर)। जलालपुर थाने के ममना गांव स्थित पोलिंग बूथ के पीठासीन अधिकारी अलीमसर ने थाने में एक युवक के विरुद्ध पोलिंग बूथ की फोटो खींचकर फेसबुक पर वायरल करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पीठासीन अधिकारी ने बताया कि वह अपनी पूरी टीम के साथ सोमवार को ममना गांव प्राथमिक विद्यालय में बनाए गए पोलिंग बूथ पर ड्यूटी कर रहा था। तभी वहां पर समर अब्बास रिजवी पुत्र कज्जन अली नाम का एक युवक आया और पोलिंग बूथ में फोटो खींच ली तथा उस फोटो को पार्टी विशेष के समर्थन में फेसबुक पर भैया साइकिल तो खटाखट खटाखट लिखकर वायरल कर दिया। मतदान की गोपनीयता भी भंग की। बताया कि उसने जलालपुर थाने में समर अब्बास रिजवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पूरी तरह से सुरक्षा बलों से घिरी है गल्ला मंडी

**सुमेरपुर।** स्ट्रांग रूमों को सील करने के बाद नवीन गल्ला मंडी के चप्पे चप्पे पर पुलिस पर तैनात किया गया। सुरक्षा के ऐसे कड़े इंतजाम किए गए हैं कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। मंडी के मुख्य गेट में भारी पुलिस बल तैनात करके गेट को पूरी तरह से बंद किया गया है। अंदर दाखिल होते ही धर्म कांटे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अंदर दोनों विधानसभा सीटों के स्ट्रांग रूमों के मुख्य रास्तों में पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके बाद स्ट्रांगरूमों के बाहर सीमा सुरक्षा बल के जवान कड़ा पहरा दे रहे हैं।

## मैक्सिको से आकर एचएसबीसी के वाइस प्रेसिडेंट ने डाला वोट

**सुमेरपुर।** विश्व के सबसे बड़े बैंकिंग कॉरपोरेशन के वाइस प्रेसिडेंट ने मैक्सिको से आकर कस्बे के चांद थोक में रेलवे क्रॉसिंग के पास प्राथमिक विद्यालय के बूथ पर लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मताधिकार का प्रयोग किया। इसके बाद वापस मैक्सिको के लिए शाम को रवाना हो गया।

कस्बे के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर आईजी सिंह का बड़े बेटे जीतेन्द्र सिंह विश्व की सबसे बड़ी बैंकिंग कॉरपोरेशन एचएसबीसी में वाइस प्रेसिडेंट है और मैक्सिको में कार्यरत है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेने के लिए वह मैक्सिको से सोमवार को सुबह लखनऊ पहुंचे और कस्बे में आकर अपने बूथ चांदथोक के रेलवे क्रॉसिंग के समीप प्राथमिक विद्यालय के बूथ पर मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश का लोकतंत्र दुनिया के सभी देशों से ज्यादा मजबूत है। सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए।



मतदान के बाद उंगली की स्याही दिखाते जीतेंद्र सिंह।



वोटिंग के प्रति इस कदर दिखा था महिलाओं में उत्साह। (फाइल फोटो)। अमृत विचार

# वोटिंग में महिलाओं ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- 1839761 में 1114874 मतदाताओं ने डाले वोट

**अमृत विचार।** तमाम प्रयासों के बाद भी मतदान का प्रतिशत पिछले लोकसभा चुनाव को पार नहीं कर सका। इस लोकसभा चुनाव में कुल 18 लाख 39 हजार 761 में 11 लाख 14 हजार 874 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जो 60.60 फीसदी रहा। इसमें महिला मतदाताओं ने पुरुषों के मुकाबले अधिक मतदान किया है। इसी तरह वर्ष 2019 में कुल 1747248 में 1059623 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। तब मतदान प्रतिशत 62.16 फीसदी रहा था।

संसदीय क्षेत्र की सभी पांचों विधानसभाओं को देखें तो हमीरपुर जिले की हमीरपुर व राठ विधानसभाओं में सर्वाधिक मतदान हुआ। वहीं तिंदवारी विधानसभा में सबसे कम मतदान हुआ। राठ विधानसभा में 63.23 प्रतिशत तो तिंदवारी में 57.72 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। संसदीय क्षेत्र में 1839761 मतदाताओं में से 1114874 ने मतदान में भाग लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय ने बताया कि हमीरपुर विधानसभा में 425729 मतदाताओं में 260006 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यहां 61.17 फीसदी मतदान हुआ। जिसमें 231001 पुरुषों में 140730 ने वोट डाले तो 194721 महिलाओं में 119272 ने मतदान किया। राठ विधानसभा में कुल 409147 में 259102 मतदाताओं ने वोट डाला। जो सर्वाधिक 63.23 फीसदी रहा। जिसमें कुल 220707 पुरुषों में 141914 व 188436 महिलाओं में 117184 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी प्रकार महोबा में कुल 325806 वोटरों में 196499 मतदान पड़े। जो 60.33 प्रतिशत रहा। जिसमें 175978 पुरुषों में 108310 व 149820 महिलाओं में 88185 ने वोट डाले। चरखारी विधानसभा में कुल 355552 मतदाताओं में 212493 ने मतदान किया। जो 59.77 प्रतिशत रहा। जिसमें 190214 पुरुषों में 116038 तथा 165324 महिलाओं में 96453 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। तिंदवारी में 323527 मतदाताओं में 186774 ने वोट डाले। जो पूरे लोकसभा क्षेत्र में सबसे कम 57.72 प्रतिशत रहा। जिसमें 176282 पुरुषों में 97692 व 147239 महिलाओं में 89081 ने मतदान किया। बताया कि लोकसभा क्षेत्र में कुल 994182 पुरुष मतदाताओं में 604684 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि कुल 845540 महिला मतदाताओं में 510175 ने वोट डाले। फिलहाल सभी पांचों विधानसभाओं में कुल मिलाकर 60.60 फीसदी मतदान हुआ है। आगामी चार जून को होने वाली मतगणना पर सभी की नजरें हैं।

## मंत्री के साथ सेल्फी लेने वाला मतदान अधिकारी निलंबित

कार्यालय संवाददाता हमीरपुर

- बीएसए ने कहा कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन किया गया है

**अमृत विचार।** विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मतदान के दौरान वोट डालने के बाद केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के साथ सेल्फी लेने के मामले में मतदान अधिकारी प्रथम सहायक अध्यापक को निलंबित किया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी ने उमरी विद्यालय के सहायक अध्यापक आशीष कुमार पार्टी संख्या 450 में आशीष कुमार की ड्यूटी मतदान अधिकारी प्रथम में लगाई गई। इन्होंने विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हमीरपुर के मतदेय स्थल 112 में मतदान कराया। यहां का एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें आशीष कुमार आर्या मतदान के दौरान मतदाताओं की फोटो खींचते हुए सेल्फी ली गई जो कि सरासर गलत है। उनके इस कृत्य से निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य की गोपनीयता भंग की गई है तथा कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन करते हुए विभाग की छवि धूमिल की। निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य की गोपनीयता भंग करने, पदीय दायित्वों के प्रति उदासीनता बरतने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में ब्लाक संसाधन केंद्र मुस्करा में संबद्ध किया जाता है।

## घर में घुस कर की छेड़खानी, कार तोड़ी

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** सोमवार रात एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर वार्ड 16 के एक मकान में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्रता कर छेड़खानी की। साथ ही घर के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मौका मुआयना कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

वार्ड संख्या 16 के निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी गई तहरीर में अवगत कराया है कि वह 20 मई को पत्नी के साथ गांव गया था। देर होने पर वहीं रुक गया था। रात में एक युवक मयंक सिंह अपने एक दर्जन साथियों के साथ उनके मकान में जा घुसा। घर पर मौजूद पुत्री और बहू के साथ छेड़खानी की और घर के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया।

# दहेज हत्या में दोषी पति को 10 वर्ष की सजा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- साढ़े चार साल पूर्व दहेज को लेकर पत्नी की थी हत्या



**अमृत विचार।** दहेज हत्या के साढ़े चार साल पुराने मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम मनोज कुमार शासन की अदालत ने दोषी पति को 10 वर्ष का कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही छह हजार जुर्माना लगाया है। जबकि आरोपी सास को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। वहीं आरोपी ससुर की मुकदमा दौरान मौत हो चुकी है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता महेश द्विवेदी व रामबाबू अवस्थी ने बताया कि पीड़ित मां कुसुम ने 22 सितंबर 2019 को जरिया पुलिस को दी तहरीर में बताया था, कि उसने अपनी बेटी रीना का विवाह सुरेश कुमार अहिरवार निवासी सरीला मोहल्ला हटवारा के साथ सात जुलाई 2016 को की थी। बताया कि जब बेटी ससुराल गई तो पति, ससुर काशीप्रसाद, सास रामदेवी, जेठ धर्मेंद्र, अशोक, जेठानी ममता व सरस्वती पहली विदाई में अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। जब उसकी बेटी मायके आई तो सारी बातें बताई। बताया कि तेजाब डालकर उसे जलाने का प्रयास किया गया। जिस पर बेटी ने फोन कर उन्हें बुलाया। बताया कि उसने सभी रिश्तेदार जोड़कर पंचायत की, लेकिन सभी ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर अड़े रहे। जिसकी सूचना उसने पुलिस को दी। बाद में पुलिस ने ससुरालीजनों का समझाने व बेटी को अब प्रताड़ित न किए जाने की बात कही थी। बताया कि 17 सितंबर 2019 को शाम करीब छह बजे उसका बेटा आकाश अपनी बहन से बात कर रहा था। तभी बहन के चीखने चिल्लाने की आवाज फोन में सुनाई पड़ी। उसके पति ने फोन काट दिया। दोबारा फोन लगाने पर भी नहीं लगा। इसके बाद सुरेश का फोन आया कि तुम्हारी बहन बीमार है। जिला अस्पताल में भर्ती है। जिस पर वह व अरूण, आकाश, पप्पू आदि अस्पताल पहुंचे तो देखा कि बेटी का शव स्ट्रेचर पर रखा था। वहां कोई ससुरालीजन नहीं मिला। बेटी के सिर व चेहरे से खून निकल रहा था। शरीर में चोटों के निशान थे। मामले में पुलिस ने दोषी पति सुरेश व सास ससुर के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया था। मामले में अदालत ने पति को सजा सुनाई है। वहीं सास को दोषमुक्त कर दिया।

### दुष्कर्मी को सात वर्ष का कठोर कारावास

**हमीरपुर।** अपहरण व दुष्कर्म के साढ़े आठ साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कीर्तिमाला सिंह की अदालत ने दोषी को सात वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। विशेष लोक अभियोजक रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कुरारा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी को 17 जुलाई 2015 को एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। बाद में जानकारी मिली कि पीड़िता अपना फोन अपनी सहेली को दे गई है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी। एक माह बाद पुलिस ने पीड़िता सहित आरोपी को बरामद कर लिया था। मामले में पीड़िता के बयानों के आधार पर पुलिस ने दोषी विजय के खिलाफ चार पोस्को एक्ट सहित दुष्कर्म, अपहरण व अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया। वहीं दूसरे आरोपी सुनील के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कीर्तिमाला सिंह की अदालत ने आरोपी सुनील को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त किया है। वहीं दोषी विजय को दुष्कर्म के मामले में सात वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार का जुर्माना लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# युवती की मौत पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- एक सप्ताह पहले युवक द्वारा शादी से इंकार करने पर युवती ने लगा ली थी फांसी

**अमृत विचार।** कस्बे के दीवानपुरा मोहल्लें में प्रेम प्रसंग के चलते एक सप्ताह पहले एक युवती ने रात के समय घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। परिजनों ने सोमवार को कोतवाली में आरोपी युवक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी बद्री प्रसाद अहिरवार ने कोतवाली में दी तहरीर में आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी पुत्री रेखा (31) का मोहल्ले के युवक पवन कुमार अहिरवार से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। एक सप्ताह पहले पवन उसकी पुत्री रेखा को अपने घर ले गया था। जहां उसके परिजनों ने उसे मारपीट कर घर से भगा दिया। बताया कि जब उसकी पुत्री घर वापस आई तो उदास हो गई। इसके बाद जब उसने बताया कि वह पवन से प्यार करती है। बताया कि उसने मलखान से दोनों की शादी की बात कही तो मलखान और उसके पुत्र ने शादी से इंकार कर दिया। इससे आहत होकर रेखा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी। सोमवार को परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी युवक पवन कुमार अहिरवार के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाल उमेश कुमार ने बताया कार्रवाई की जायेगी।

## आज नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष का होगा चुनाव

**कुरारा।** कस्बा में नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष का चुनाव 22 मई को राम नारायण नौबढ़ा बालिका विद्यालय में संपन्न होगा। कस्बे के व्यापार मंडल के पदाधिकारी रवि गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 मई दिन बुधवार को शाम 4 बजे कस्बे के रामनारायण नौबढ़ा बालिका विद्यालय में व्यापार मंडल अध्यक्ष का चुनाव जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल व जिले के पदाधिकारियों की उपस्थिति में कराया जाएगा।

# बेतवा में नहाते समय बालक की मौत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- नदी में खोदे गए गड्ढे में नहा रहा था, मौरंग का टीला ढहा



**अमृत विचार।** दोस्तों के साथ बेतवा नदी की तलहटी में पानी से भरे गड्ढे में नहाते समय मौरंग मिट्टी की कगार ढहने से आठ साल का बालक दबकर घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने बच्चे को बाहर निकाल आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के केसरिया का डेरा निवासी रामकरन का आठ वर्षीय पुत्र अभिषेक मोहल्ले के अपनी हम उम्र बच्चों के साथ बेतवा नदी में खोदे गए गड्ढे में भरे पानी में नहा रहा था। तभी गड्ढे की कगार उसी के ऊपर ढह गई। जिससे अभिषेक मौरंग और मिट्टी के ढेर में दब गया। शोर-शराबा होने पर आसपास मौजूद लोगों ने भागकर बालक को आनन-फानन में मलबे से बाहर निकाला तो उसकी सांसें चल रही थी। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## पूर्व जिपं सदस्य का निधन



**हमीरपुर।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व निदेशक सहकारी बैंक महोबा मनोरमा सिंह (92) का निधन हो गया। सुमेरपुर ब्लाक के बांकी गांव निवासी डीएफओ महोबा नरेंद्र सिंह की मां थी। उनके देहांत पर शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने क्षेत्रवासी पहुंचे और शोक जताया।

हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र | चुनावी इतिहास में पहली बार 2019 में वोट का प्रतिशत 62 .16 फीसदी जा पहुंचा था

# 2019 में हुए रिकार्ड मतदान से डेढ़ फीसद कम पड़े वोट

राजेश सिंह, हमीरपुर

- डीएम ने जनपद को 15 से 17 मई तक नो फ्लाईंग जोन घोषित किया



**अमृत विचार।** तमाम प्रयासों के बावजूद पिछले 2019 में हुए लोकसभा चुनाव की तरह इस बार भी मतदाताओं में जागरूकता फैलाए जाने में प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक रखी। लेकिन संसदीय क्षेत्र में जिस तरह हमीरपुर के जिला प्रशासन ने प्रयास किए अगर बांदा और महोबा का जिला प्रशासन प्रयास करता तो पिछड़ा रिकार्ड आसानी से टूट जाता। वहीं प्रचंड गर्मी ने मतदाताओं के उत्साह में रोड़े अटकाए। साथ ही चुनावी मैदान में कूदे प्रत्याशियों व उनके समर्थकों में प्रचार अभियान को तेज रखने में दिलचस्पी कम दिखाई। ऐसे में पिछले 2019 के रिकॉर्ड 62.16 प्रतिशत मतदान से करीब डेढ़ प्रतिशत वोट कम रह गए। संसदीय क्षेत्र में वर्ष 2019 को छोड़ दें तो आजादी के बाद 1999 में मतदाताओं ने उत्साह से वोट डाले थे। तब 57.91 प्रतिशत वोट पड़े थे। 2019 में 62.16 प्रतिशत वोट डालकर मतदाताओं ने एक नया रिकॉर्ड कायम किया था। इस रिकॉर्ड को तोड़ने में बदन को झुलसाने वाली प्रचंड गर्मी आड़े आ गई। तो महोबा और तिंदवारी विधानसभा में वहां के प्रशासन द्वारा किए गए प्रयास सफल नहीं हुए। लिहाजा संसदीय क्षेत्र का मतदान प्रतिशत पिछली बार की अपेक्षा डेढ़ फीसद कम रह गया। सबसे पहले वर्ष 1952 में पहला चुनाव 27 मार्च को हुआ था। जिसमें सिर्फ 38.25 फीसदी लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया था। वहीं 1957 में 25 फरवरी को वोट डाले गए थे। तब मतदान प्रतिशत घटकर 28.64 रह गया। 1962 में भी 19 फरवरी को वोट पड़े, लेकिन वोट 50.83 फीसदी रहा, तो वर्ष 1967 में 15 फरवरी को 26.61 प्रतिशत ही वोटिंग हुई। 1971 के लोकसभा चुनाव तीन जनवरी को हुए जिसमें 52.2 फीसदी वोट पड़ा। तो 1991 में 20 मई को वोटिंग हुई थी। जिसमें मतदान का प्रतिशत 45.62 रहा। वर्ष 2014 में 30 अप्रैल को मतदान हुआ, जिसमें 56.11 प्रतिशत वोट पड़ा। लेकिन वर्ष 1977 के चुनाव में 57.91 प्रतिशत वोट का रिकॉर्ड ध्वस्त नहीं कर सका था। चुनावी इतिहास में पहली बार 2019 में वोट का प्रतिशत 62.16 फीसदी जा पहुंचा। इससे आगे निकलने के हर संभव प्रयास किए गए। इसका ग्रामीण क्षेत्रों में असर भी दिखा। जहां मतदाताओं ने उत्साह से वोटिंग की, लेकिन शहरी इलाकों में उत्साह कम दिखा। दूसरी वजह राजनीतिक दलों में प्रचार की भी कमी देखी गई। सदर विधानसभा क्षेत्र के ज्यादातर गांवों में प्रत्याशी वोट मांगने नहीं पहुंचा।

**लोकसभा चुनाव का वर्ष मतदान व प्रतिशत**

| वर्ष | प्रतिशत | वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1952 | 38 .25 | 1957 | 39 .91 |
| 1962 | 50 .83 | 1967 | 26 .61 |
| 1971 | 52 .2 | 1977 | 55 .73 |
| 1980 | 52 .25 | 1984 | 56 .39 |
| 1989 | 47 .48 | 1991 | 45 .62 |
| 1996 | 42 .91 | 1998 | 55 .35 |
| 1999 | 57 .91 | 2004 | 50 .92 |
| 2009 | 48 .04 | 2014 | 56 .11 |
| 2019 | 62 .16 | 2024 | 60 .60 |

# चकदहा में 77 प्रतिशत वोट बरसे

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में सदर विधानसभा (हमीरपुर) की मौदहा तहसील क्षेत्र में हुए मतदान का प्रतिशत जहां सबसे अधिक 77 प्रतिशत चकदहा पोलिंग केंद्र में दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम 44 प्रतिशत कस्बे के नेशनल इंटर कॉलेज के कमरा नंबर एक के पोलिंग बूथ में दर्ज हुआ। पूरे सदर विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत 61.07 प्रतिशत रहा। इनमें पुरुषों का 60.92 तथा महिलाओं का 61.25 रहा।

मौदहा नगर क्षेत्र के पोलिंग केंद्रों में मतदान प्रतिशत का आकलन में कस्बे के फत्तेपुर में कमरा नंबर एक बूथ में 62.34, कमरा नंबर दो में 67.43, कमरा नंबर तीन में 54.45, द्वारकापुरी में 62.8 तथा रागौल पोलिंग के कमरा नंबर एक में 65.22, कमरा नंबर दो में 68.42 कमरा नंबर 3 में 59.59 मतदान हुआ। वहीं गांधी इंटर कॉलेज केंद्र के कमरा नंबर 1 में 59.37, कमरा नंबर 2 में 66.47 कमरा नंबर 3 में 63.44 व कमरा नंबर 4 में 63.10 नंबर 5 में 55.25 तथा कमरा नंबर 6 में 68.80 प्रतिशत मतदान हुआ। कस्बे के मध्य स्थित जीजीआईसी के कमरा नंबर एक पोलिंग बूथ पर 62.99, दो में 60, तीन में 57 तथा चार में 70.12 फीसद मतदान हुआ। वहीं विकासखंड कार्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र पर कमरा नंबर एक में 69.3, यहां के मीटिंग हॉल में 70.23 व इसी परिसर के कमरा नंबर दो में 53.8 प्रतिशत मतदान हुआ।

रहमानिया इंटर कॉलेज के कमरा नंबर 1 बूथ में 62.70 कमरा नंबर 2 में 50.6 कमरा नंबर 3 में 61.64 कमरा नंबर 4 में 51.96 कमरा नंबर 5 में 66.92 व कमरा नंबर 6 बूथ में 48.96 फीसद मतदान हुआ। वहीं स्टेशन मार्ग स्थित ग्राम विकास कार्यालय में 63.90, यहीं के डाइनिंग हॉल में 56.50 प्रतिशत व प्रशिक्षण कक्ष में 52.84, महिला छात्रावास में 59.97 प्रतिशत मतदान हुआ। नेशनल इंटर कॉलेज के पोलिंग बूथ नंबर एक में सबसे कम 44.33 प्रतिशत ही मतदान हो सका। इसी कॉलेज के कमरा नंबर दो में 50.19, कमरा नंबर तीन में 57.83 कमरा नंबर 4 में 63.90 नंबर पांच में 65.40 व इसी के कमरा नंबर 6 में 65.70 कमरा नंबर 7 में 60.51 नंबर 8 में 57.2 प्रतिशत मतदान हुआ। निकट के गांव मदारपुर के पहले बूथ में 47.6 व दो में 59.67 का मतदान हुआ। जबकि अधिक मतदान वाले केंद्र में चकदहा पोलिंग स्टेशन जहां 77 प्रतिशत व गहबरा पोलिंग बूथ में 75.01, सिलौली में 70, बड़ा सेवा में 70, अरतरा दो नम्बर में 72, सिजनौडा में 73.50 वह परछा में 70.42 प्रतिशत का मतदान हुआ। छिमौली में एक कक्ष में 65.36 व दूसरे में 67.3 तथा करहिया के कमरा नंबर 3 में 66.3 व कक्ष 2 में 56.62 तथा तीसरे में 54.27 प्रतिशत मतदान हुआ।

# प्रेक्षक व डीएम ने स्ट्रांग रूम की परखी सुरक्षा

## स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए लगे सीसीटीवी कैमरे के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम का भी किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** 45- जालौन, भोगनीपुर, गरौठा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक प्रदीप गावंडे केशोराव व जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में विशिष्ठ मंडी कालपी रोड उरई में स्क्रूटनी की ।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 45- जालौन, भोगनीपुर, गरौठा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अभिलेखों की जांच की गई, पीठासीन अधिकारियों की डायरी, मतदान के दिन पोलिंग बूथ पर तैयार किए गए अभिलेखों, आंकड़ों की जांच व मिलान किया गया, इस प्रकार स्क्रूटनी कार्य पूर्ण कर लिया गया। इसके उपरांत स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए लगे सीसीटीवी कैमरे के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया।


अभिलेखों की जांच में जुटे अधिकारी व कर्मचारी। अमृत विचार

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, समस्त एआरओ सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि बीजेपी से दिलीप कुमार, सपा से राजीव शर्मा, बीएसपी से भगवती शरण, निर्दलीय प्रेम लता वर्मा आदि मौजूद रहे।


मतदेय स्थल पर मौजूद रहे थे बिजली कर्मचारी। अमृत विचार

## मतदान के दिन पोलिंग बूथों में हुई निर्बाध बिजली आपूर्ति

संवाददाता,कालपी(जालौन)

- अवर अभियंता अपनी-अपनी टीमों के साथ लेते रहे राउंड

**अमृत विचार।** अमृत विचार। मतदान वाले दिन मतदान केद्रों में पूरे समय बिजली की आपूर्ति बनाए रखने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारी, अवर अभियंता तथा कर्मचारी पूरे समय लगातार घूमते रहे। भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार आधे पोलिंग बूथों में सीसीटीवी कैमरे लगाकर आयोग की वेब कास्ट से ऑनलाइन जोड़ा गया था। इसी को दृष्टिगत रखते हुए पोलिंग बूथों में विद्युत आपूर्ति अनिवार्य रूप से जरूरी थी। उपखंड अधिकारी आदर्श राज, कालपी के अवर अभियंता जितेंद्र कुमार, महेवा के अवर अभियंता अमन खान अपनी-अपनी टीमों के साथ पोलिंग बूथों में राउंड लेकर बिजली सप्लाई की व्यवस्था बनाए रखे रहे। अवर अभियंता जितेंद्र सिंह ने बताया कि पोलिंग बूथों में कटौती मुक्त बिजली देने में हम सफल रहे।


# पुण्यतिथि पर याद किए गए राजीव गांधी

कार्यालय संवाददाता उरई

- कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न राजीव गांधी की 33 वीं पुण्यतिथि
- राजीव गांधी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालकर उनके बताये मार्ग पर चलने की ली शपथ

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ज़िला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की 33 वीं पुण्यतिथि कांग्रेस कार्यालय शहीद भवन में मनायी गई। वहां पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई जिसके बाद उनके महान व्यक्तित्व व कृतित्व पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी जालौन धीरेंद्र शुक्ला ने कहा कि राजीव गांधी का जीवन राष्ट्र निर्माणकी तरक़्क़ी के लिए न्योछावर हुआ है। कंप्यूटर क्रांति हो या पंचायती राज व्यवस्था हो उनके कार्यकाल में लाये गये क्रांतिकारी कदम हैं। वहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरविंद सेंगर और मज़हर खान ने कहा कि 21 वर्ष से 18 वर्ष आयु करके वोट डालने का अधिकार दिलवाया और महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया और देश की आधी आबादी को नेतृत्व देने का काम किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अय्यूब अंसारी, ब्रजेश पांडेय, विकास चतुर्वेदी, शुवेंद्र पटेल, अरविंद यादव, मतहर अंसारी, राजेश बुधौलिय, आला बख्श मंसूरी, अंकित राठौर आदि कांग्रेसी रहे।


राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी। अमृत विचार

# 105 साल की दादी ने भी किया मतदान

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** हौंसले बुलंद हो तो मंजिल तक पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता। 20 मई को लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में हुए मतदान में एक 105 साल की बुजुर्ग दादी कमल कुंवर ने मतदान केंद्र में पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर यह साबित कर दिया।

जालौन जनपद में जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडे ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए समर्पण भाव से मतदाताओं में जागरुकता पैदा करने के लिए बैलगाड़ी रैली, कठपुतली कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटकों के आयोजनों के साथ साथ प्रशासनिक और शिक्षा विभाग की छात्राओं और शिक्षिकाओं ,शिक्षकों द्वारा घर घर पीले चावल भिजवा कर वोट डालने के लिए आमंत्रण भिजवाया था। जिलाधिकारी के इन अनूठे प्रयास का जिले के बूढ़े, बुजुर्ग, महिलाओं और नए मतदाताओं पर इस कदर प्रभाव पड़ा कि माधोगढ़ विकास खंड के मिर्जा पुर गांव निवासी वरिष्ठ समाज सेवी एवं परमार्थ समाज सेवी संस्था के निदेशक अनिल सिंह तथा संस्था के सचिव संजय सिंह की 105 साल की उम्र पूरी कर चुकी दादी कमल कुंवर इस भीषण गर्मी को दरकिनार करते हुए। गांव के मतदान केंद्र पहुंच कर अपना वोट डाला और दूसरों के लिये नजीर बनीं। 105 साल की दादी ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए राष्ट्रहित में उन्होंने अपने मन पसन्द प्रत्याशी को वोट दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि इस बार के चुनाव में निष्पक्ष और जनहितकारी सरकार गठन में उन्होंने सहभागिता की है।

वहीं एक और 94 साल की वृद्धा वोट डालने पैदल ही मतदान केंद्र पहुंचीं और अपने मताधिकार का प्रयोग किया।


105 साल की बुजुर्ग दादी कमल कुंवर।


94 साल की वृद्धा ने भी निभाया फर्ज।

## मारपीट में दो लोग हुए घायल

**कालपी (जालौन)।** मतदान वाले दिन सोमवार की शाम को स्थानीय नगर के मोहल्ला गणेश गंज में दो पक्षों के बीच मारपीट तथा पत्थरबाजी की घटना हो गई। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

नगर के मोहल्ला गणेशगंज में किसी बात को लेकर दो पक्षों में तना तनी हो गई। बात बढ़ने पर दोनों पक्ष गली गलौज पर उतारू हो गए और देखते ही देखते झगड़ा मारपीट में बदल गया। दोनों पक्ष लाठी डंडे व पत्थर बाजी करने लगे। इस दौरान झगड़े में शेर खान पुत्र वली मोहम्मद निवासी मोहल्ला रामगंज तथा शिवम वर्मा पुत्र मुन्नालाल निवासी रामगंज गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया तथा दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया।

# बबूल के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

संवाददाता माधौगढ़, जालौन

**अमृत विचार।** रेंढ़र थाना क्षेत्र के खेतों में बबूल के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकता हुआ युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया।

रेंढ़र थाना अंतर्गत खेतों में बबूल के पेड़ पर रस्सी के सहारे एक युवक का फांसी के फंदे पर झूलता हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। घटनास्थल पर पुलिस बल के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने शव को फंदे से नीचे उतरवाया, जिसके बाद शव की पहचान कुशलपाल उम्र 32 वर्ष पुत्र बालकराम कुशवाहा निवासी बंगरा थाना माधौगढ़ के रूप में हुई, रेंढ़र थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह को सूचना मिली कि ग्राम धन्जा एवं कुदारी के बीच खेतों में बबूल के पेड़ पर फांसी के फंदे के सहारे एक युवक का शव लटका है । सूचना पाकर थानाध्यक्ष रेंढ़र मय हमराही तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे एवं शव को पेड़ से उतरवा कर घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ शैलेंद्र कुमार बाजपेई तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए ग्रामीणों ने मृतक की शिनाख्त कुशलपाल कुशवाहा के रूप करते हुए बताया कि वह ग्राम बंगरा का रहने वाला है एवं ग्राम भंगा के कंपोजिट विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है । मृतक की पत्नी ने बिलखते हुए बताया कि मैं मेरे पति की पहली पत्नी का निधन हो जाने के बाद मैं उनकी दूसरी विवाहिता पत्नी हूं । हम दोनों पत्नियों से एक-एक संतान है। मृतक कुशलपाल शराब पीने का आदी था।


कुशलपाल।

## सार-संक्षेप


अभिमन्यु को मैन आफ द मैच की ट्राफी देते आयोजक। अमृत विचार

### भिठौरा ने कालेश्वर गढ़िया को नौ विकेट से रौंदा

माधौगढ़ जालौन,पंचनद। चंबल संग्रहालय द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन 3 के चौथे दिन कालेश्वर गढ़िया और भिठौरा टीम के बीच मैच हुआ। भिठौरा टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी कालेश्वर गढ़िया टीम निर्धारित 12 ओवर भी नहीं खेल पाई। 10 ओवर में ही पूरी टीम महज 44 रन बनाकर सिमट गई। कालेश्वर गढ़िया की तरफ से अमित ने सर्वाधिक 12 रन बनाए। जवाब में उतरी भिठौरा टीम ने 3 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर 45 रन बनाकर मैच जीत लिया। भिठौरा टीम के खिलाड़ी अभिमन्यु ने नाबाद रहते हुए 6 छक्के लगाकर 42 रन बनाने के साथ एक विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच बने। अभिमन्यु को मैन ऑफ द मैच ट्राफी प्रेम सिंह परिहार ने दी।

### हत्या के प्रयास का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

जालौन। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के जर गांव में एक हफ्ते पहले एक युवक को तीन गोलियां मारने के बाद जान से मारने की नियत से चाकुओं से गोद कर मरणासन्न कर दिया गया था, जिसपर घायल युवक के पिता तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने पहले ही दो आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फरार तीसरे आरोपी शिवा को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### आधा दर्जन फ्रीजर दे रहे गर्म पानी, मरीज हलकान

उरई। जिला अस्पताल प्रशासन की ओर से अस्पताल आने-वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को भीषण गर्मी में शीतल पेयजल उपलब्ध करवाये जाने के उद्देश्य से लाखों रुपये खर्च कर आधा दर्जन फ्रीजर अस्पताल के विभिन्न स्थानों पर लगवाए गये है, जिससे मरीजों और तीमारदारों को ठंडा पेयजल मिल सके। बताते चलें कि जब यह फ्रीजर अस्पताल परिसर में लगवाये थे तब तो यह कुछ दिनों तक मरीजों और उनके साथ आये तीमारदारों को ठंडा पानी देते रहे। मगर रखरखाव के अभाव में इस भीषण गर्मी में अस्पताल में लगे सभी फ्रीजर खराब होकर गर्म पानी दे रहे हैं। यही कारण है कि अस्पताल आने वाले मरीज और उनके तीमारदार ठंडे पानी की तलाश में अस्पताल परिसर के अंदर घूमते नजर आते हैं। नगर के गणमान्य लोगों समाजसेवी यूसुफ अंसारी, अशोक गुप्ता, पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक द्विवेदी, करन सिंह श्रीवास आदि ने जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. जेजे. राम से मांग की है कि अस्पताल परिसर में खराब पड़े फ्रीजरों को ठीक करवाया जाये।

# गंदगी से पटा नाला बन रहा बीमारियों की वजह

कार्यालय संवाददाता उरई

- आसपास रहने वाले लोग आ रहे बीमारी की चपेट में
- लोगों ने नगर पालिकाध्यक्ष से की नाला सफाई की मांग

**अमृत विचार।** शहर के मुहल्ला श्यामनगर बजरिया क्षेत्र की घनी आबादी से नाला निकला है जो भीषण गंदगी और कचरे से पटा पड़ा है, जिससे निकलने वाली दुर्गंध से आसपास के रहने वाले लोगों का जीवन दुश्वार होता जा रहा है। वैसे भी इस भीषण गर्मी में संक्रमण बीमारियां फैल रही हैं। इसके बाद भी गंदगी से पटा नाला लोगों की परेशानी का सबब बनता जा रहा है।

मुहल्ले के लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चौधरी के प्रतिनिधि एवं पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष विजय चौधरी से मांग की है कि भीषण गर्मी को देखते हुए गंदगी से पटे नाले की सफाई करवाई जाये जिससे इस भीषण गर्मी में पनपने वाली संक्रामित बीमारी से लोगों को बचाया जा सके।

उनका कहना है कि काफी समय से नाले की सफाई न करवाये जाने से नाला पूरी तरह गंदगी से पटा पड़ा है जिसकी सफाई होना जरूरी हो गया है। अगर समय रहते नाले की सफाई नहीं करवाई जायेगी तो तमाम लोग संक्रामक बीमारी की चपेट में आ सकते हैं।

## शराब के 225 पाउच समेत दो गिरफ्तार

**कालपी(जालौन)।** कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने कालपी क्षेत्र में भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर जा रहे दो व्यक्तियों को पड़क कर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कालपी कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम के साथ रायड़ रोड में अवैध कच्ची शराब ले जा रहे आरोपियों आदित्य निवासी मुहल्ला सुशील नगर उरई तथा रोहित निवासी ग्राम जयरामपुर कालपी को गिरफ्तार कर लिया आरोपियों के पास से 225 पाउच अवैध शराब बरामद की गई है।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# पुलिया के नीचे मिला अज्ञात शव

संवाददाता माधौगढ़, जालौन

**अमृत विचार।** रामपुरा जगम्मनपुर रोड पर गहरी पुलिया के नीचे कई दिन पुराना अज्ञात व्यक्ति का सड़ा गला शव मिला है ।

रामपुरा थाना अंतर्गत जगम्मनपुर रोड पर महूटा के पास जहां नमामि गंगे परियोजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण हो रहा है,गहरी पुलिया के नीचे झाड़ियों में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है । क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ शैलेंद्र कुमार बाजपेई एवं थानाध्यक्ष रामपुरा अर्जुन सिंह ने बताया कि आज मंगलवार को दोपहर एक ग्रामीण राहगीर ने फोन करके सूचना दी की रामपुरा जगम्मनपुर रोड पर महूटा के पास गहरी पुलिया पर किसी शव के सड़ने जैसी बदबू आ रही है। सूचना पाकर रामपुरा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची एवं दुर्गंध वाले स्थान पर छानबीन किया तो पुलिया के नीचे झाडियों में सड़ागला एक मानव शव पड़ा मिला । थानाध्यक्ष रामपुरा ने इस घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को देकर पोस्टमार्टम के लिए उरई भेज दिया । सूचना पाकर घटना स्थल पर पंहुचे क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ शैलेंद्र कुमार बाजपेई एवं थानाध्यक्ष रामपुरा अर्जुन सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मृतक के पहनावे से प्रतीत होता है कि वह अर्ध विक्षिप्त रहा होगा सड़क के किनारे पुलिया की दीवार पर लेटा हो या बैठा हो और नीचे गिर गया हो जिससे उसकी मृत्यु होना संभव हैं। फिर भी मृत्यु के सही कारणों की जांच की जाएगी।


घटनास्थल पर मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे मकान E–1/86 सेक्टर B- अलीगंज लखनऊ का मूल आवंटन और कब्ज़ा पत्र जो श्री नाथ तिवारी पुत्र राम आधार को आवंटित थे, खो गये है, जिसका उपयोग अवैध है – **श्रीमती स्वर्ण बाला तिवारी पत्नी राजेश कुमार तिवारी निवासी मकान नं0 – 46–I मानसनगर, जियामऊ, लखनऊ**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे कुछ अभिलेखो में त्रुटिवश अंकित कुमार गर्ग के स्थान पर अंकित गर्ग दर्ज हो गया है। जिसे अब मेरा सही नाम **अंकित कुमार गर्ग पुत्र श्री अशोक कुमार गर्ग, निवासी मो. गुलाम अलीपुरा थाना दरगाह शरीफ तहसील व जिला बहराइच** पढ़ा व समझा जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम विनोद था। जिसे बदलकर मैने अपना नाम विनोद कुमार विश्वकर्मा रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जान व पहचाना जाय। **विनोद कुमार विश्वकर्मा पुत्र राम कुमार, निवासी– पचार, तिवारी बाजार, गोण्डा**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने बड़े पुत्र रईस अहमद व उसकी पत्नी फिजा बानो पुत्री फुजैल अहमद दोनों को उनके गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। रईस अहमद व उसकी पत्नी फिजा बानो के किसी कृत्य से मेरा व मेरे परिजनों का कोई भी वास्ता सरोकार नहीं होगा। – **रशीद अहमद पुत्र वसी अहमद, ग्राम– ऐनी हतिन्सी, थाना व तहसील– कैसरगंज, जनपद – बहराइच**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि यूपी बोर्ड द्वारा जारी मेरा हाईस्कूल अंक पत्र, सह प्रमाण–पत्र, वर्ष 2016, रोल नं. 1147310, व इंटरमीडिएट अंक पत्र व सह प्रमाण–पत्र वर्ष 2018, रोल नंबर 0909167 का अंक पत्र, सह प्रमाण पत्र वास्तव में कही गुम हो गया है।– **सुशीला सरकार पुत्री जगदीश सरकार, निवासी– ग्राम–मियांपुर, पोस्ट राजापुर बेनी, तह0– मोहम्मदी, जिला– लखीमपुर खीरी –262804**

**तलाश गुमशुदा**



सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड संख्या 201942377197 एवं पैन कार्ड संख्या (सीडीपीपीबी 4995 आर) में अकबरी बानों जन्मतिथि 01.01.1960 पूर्व में अंकित था। अब संशोधन करवाकर मैंने अपना नाम वारी निशा एवं जन्मतिथि 10.10.1962 अंकित करवाया है, जो सही है।– **वारी निशा पत्नी अख्तर अली, निवासी ग्राम करौंदिया देहात, चुनहा (ढखवा) , सुलतानपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम समीरूल से बदलकर मोहम्मद समीरूल रख लिया है। भविष्य में मुझे मोहम्मद समीरूल के नाम से जाना व पहचाना जाय। –**मोहम्मद समीरूल पुत्र मोहम्मद इकबाल, निवासी– मं0नं0 392/52, मैदान एल0एच0खान, थाना– सआदतगंज, लखनऊ,**

चुनावी गुणा भाग

**दोनों दलों ने बसपा के कॉडर वोट में की सेंध लगाने की कोशिश, बसपा प्रत्याशी अपनी मजबूती साबित करने में रहा नाकाम**

# भाजपा और इंडी गठबंधन प्रत्याशी में हुआ सीधा मुकाबला

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** गठबंधन की सेंधमारी से जीत का अंतर कम होने के आसार दिखाई दे रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा प्रत्याशी और उनके,समर्थक मोदी और योगी सरकार की उपलब्धियां गिनाने में मस्त रहे। वहीं गठबंधन उम्मीदवार के समर्थक और उनके सयायोगी दलों के कार्यकर्ता अन्य दलों के वोट बैंक में सेंध मारी में व्यस्त रहे। बसपा प्रत्याशी अपनी मजबूती साबित करने में नाकाम रहे।

जालौन गरौठा भोगनीपुर सीट में 20 मई को हुए मतदान से मिले रुझान से भाजपा और गठबंधन प्रत्याशी के बीच सीधा मुकाबला होता दिखाई दे रहा है, चुनावी विश्लेषक के पी सिंह का कहना है कि उत्तर प्रदेश में 2019 के लोक सभा का चुनाव समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने मिलकर लड़ा था, इसके बावजूद भाजपा प्रत्याशी भानू प्रताप वर्मा ने एक लाख 58 हजार से जीत हासिल की थी, इस बार के 2024 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा प्रत्याशी के रूप में भानू प्रताप वर्मा चुनाव मैदान में हैं और लोकसभा चुनाव में सपा, कांग्रेस, आप समेत कई अन्य दलों का केंद्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन बना है।



जालौन गरौठा भोगनीपुर लोकसभा सीट सपा के खाते में गई है और सपा ने गठबंधन प्रत्याशी के तौर में नारायण दास अहिरवार को टिकट दिया है, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुरेश चंद गौतम भी आखिर तक चुनाव मैदान में डटे रहे, मगर चुनाव प्रचार दौरान गठबंधन प्रत्याशी और समर्थक बसपा के मूल मतदाताओं के बीच पहुंच कर बसपा प्रत्याशी के भाजपा प्रत्याशी के टक्कर में नहीं होने को प्रचारित करते रहे और बिरादरी का वास्ता देकर बसपा के वोट को अपने पाले में लाने का मतदान के आखिरी क्षणों तक प्रयास करते दिखाई दिए, इसके अलावा गठबंधन प्रत्याशी के समर्थक सपा कार्यकर्ता चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा समर्थित पिछड़ी जातियों के वोट काटने में जुटे रहे, भाजपा प्रत्याशी और उनके विधायक और जनप्रतिनिधि पूरे चुनाव में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की लहर, और मुख्य मंत्री के बुल्डोजर , अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राणप्रतिष्ठा ,फ्री राशन, गरीबों के लिए आवास ,समेत केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को मतदाताओं के बीच बखान करते रहे, ज्यादातर भाजपा के समर्थकों ने बसपा के वोट बैंक को तोड़ने का कोई प्रयास नही किया, चुनाव विश्लेषक सिंह मानते है कि जालौन गरौठा भोगनीपुर लोक सभा सीट में 20 मई को हुए मतदान से यह अंदाजा लग गया है कि भाजपा प्रत्याशी भानू प्रताप वर्मा को गठबंधन प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार सीधी टक्कर देते दिखाई दे रहे है। अगर बसपा प्रत्याशी के पक्ष में बसपा के पारंपरिक मतदाता वोट कर गए है, तो भाजपा का पलड़ा भारी पड़ सकता है, अगर गठबंधन प्रत्याशी और समर्थक बसपा के वोट बैंक में सेंध मारी में कामयाब हो गए है तो भाजपा और गठबंधन प्रत्याशी के बीच कांटे की टक्कर हो सकती है और जीत का अंतर महज 20 हजार से 30 हजार के बीच रह सकता है।

### दूसरे दलों से आये नेता नहीं दिखा सके करिश्मा

योगी सरकार की धमक और प्रसासनिक व पुलिस के कोप भाजन से बचने तथा राजनैतिक गलियारे में अपनी धमक बरकरार रखने के लिए एक विधायक समेत कई नगर पालिका अध्यक्ष और दूसरे दलों के तकरीबन दो दर्जन से अधिक नाम चीन जनप्रतिनिधियों ने चुनाव के दौरान अपने दलों को छोड़ कर भाजपा का भगवा पट्टा धारण किया था। दूसरे दलों के कई नेताओं के भाजपा में शामिल करने से भाजपा के मूलभूत कार्यकर्ताओं में अंदर खाने असंतोष रहा और भाजपा में शामिल होने वाले जनप्रतिनिधि अपने मूल दलों के मतदाताओं को भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में लाने में लगभग नाकामयाब रहे। इसीलिए कांटे की टक्कर के आसार प्रतीत हो रहे हैं।

### सपा और भाजपा खेमे में उत्साह, बसपा में छाई खामोशी

कालपी (जालौन)। लोकसभा चुनाव में हुए मतदान के बाद आज मंगलवार को भाजपा, सपा तथा बसपा के चुनाव कार्यालय में कार्यकर्ता तथा समर्थक मत प्रतिशत का गुणा भाग लगाकर समीक्षा करने में जुटे रहे। मुख्य बाजार टरननगंज में स्थित सपा गठबंधन कार्यालय के इंचार्ज कल्लू सिंह काशीखेड़ा अपने साथियों के साथ बैठकर बूथों की समीक्षा करके अपने प्रत्याशी की जीत का दम भरते दिखाई दिए। इसी प्रकार भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों की अच्छी खासी भीड़ मौजूद रही। भाजपा नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव, पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह जादौन, डॉक्टर अरुण मेहरोत्रा, पूर्व नगर अध्यक्ष अमित पांडेय, जीतू तिवारी, दिग्विजय सिंह, महर्षि सैनी, अरविन्द यादव, सौरभ गुप्ता, सुबोध द्विवेदी,यतेंद्र राजावत बेहतर मतदान का दावा करते रहे तथा उत्साहवर्धक परिणाम आने के पूरी उम्मीद लगाए हैं। वहीं बसपा कार्यालय में सन्नाटा पसरा दिखाई दिया बसपा नेता तथा कार्यकर्ता चुनावी प्रतिक्रिया देने से बचते नजर आए।

# पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के साथ सीसीटीवी की निगरानी में ईवीएम

## बैरिकेडिंग और सुरक्षा जवानों की तैनाती, 24 घंटे मजिस्ट्रेट भी किए गए तैनात

स्ट्रांग रूम की सुरक्षा

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** 49 लोकसभा संसदीय क्षेत्र का मतदान 20 मई को सम्पन्न हो गया है। ढकौली स्थित मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम में ईवीएम को सुरक्षित रखवा दिया गया है। ईवीएम की सुरक्षा में पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के साथ सीसीटीवी के साए में हो रही है।

यहां त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जिसमें बैरिकेडिंग, फायर सेफ्टी और सुरक्षा जवानों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सुरक्षा बलों की क्रमवार ड्यूटी लगाई गई है। स्ट्रांग रूम की ओर किसी को भी आने-जाने की इजाजत नहीं है। सबकी निगाहें शहर के मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम पर भी लगी हैं। यहां कड़े सुरक्षा इंतजाम के बावजूद प्रत्याशी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका को दिमाग से नहीं निकाल पा रहे हैं।



मंडी स्थित स्ट्रांग रूम के बाहर की बैरिकेडिंग। अमृत विचार

### प्रवेश द्वार पर बैरिकेडिंग


स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। प्रवेश द्वार से करीब 500 मीटर दूर बैरियर लगवा दिया गया तो प्रमुख एंट्री पर भी बैरियर लगाकर सुरक्षा चाक चौबंद है। इसके चलते मंगलवार को स्ट्रांग रूम के आसपास आवागमन पूरी तरह निरुद्ध हो गया। उधर, सीसीटीवी के अलावा ड्रोन से भी जरूरत पड़ने पर नजर रखी जा रही है। थाना पुलिस के अलावा एएसपी खुद मॉनिटरिंग कर रहे है।

# 13 दिन बाद हटेगी आचार संहिता फिर हो सकेंगे लटके विकास कार्य

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर लगी आचार सहिंता के मद्देनजर अभी 13 दिन नए कार्यो पर और रोक रहेगी। विकास का पहिया घुमाने के लिए नगरीय निकायों को अभी दो हफ़्ते का इंतिजार और करना पड़ेगा। 4 जून को मतगणना बाद रोक हटेगी तो टेंडर, बजट मुहैय्या कराने के लिए विभागाध्यक्ष जुटेंगे। इसकी तैयारी अभी से शुरू है। बजट के अनुरूप नए विकास कार्यो को धरातल पर उतारने के लिए सूची तैयार हो रही है। कौन से कार्य प्राथमिकता में रखें जाएंगे, इसे लेकर विचार चल रहा है।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तीन अप्रैल को लगाई गई आचार संहिता 4 जून को हटेगी। इसके पहले ही विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। सदर नगर पालिका में स्ट्रीट लाइट, सड़क, पेयजल, व्यवस्था के मद्देनजर कार्ययोजना तैयार हो रही है। मौखिक आदेश के आधार पर सूची भी बनने लगी है। शहर की जिन गलियों की टेंडर प्रक्रिया अधूरी रह गई थी, उन सभी कार्यो को गति मिल सकेगी। ऐसे ही अन्य विभागों के जवाबदेह बताते हैं कि आचार संहिता हटने के बाद आगे के विकास कार्य शुरू हो सकेंगे। अभी तक आचार सहिंता के चलते कई कार्य पटरी पर नहीं आ सके।



● तीन अप्रैल को लगी थी आचार संहिता, तब से ठप थे सारे काम

### कई परिवारों को आचार संहिता हटने का इंतजार

चुनाव से पहले विकसित भारत यात्रा में लोगों की सर्वाधिक पसंदीदा पीएम आवास योजना रही थी। इसमें तकरीबन दो सैकड़ा से अधिक लोगों ने आवेदन कर डालें। इसके कुछ दिनों बाद आचार संहिता लागू हो गई और प्रक्रिया थम गई। इसके अलावा पहली किस्त भी सैकड़ों आवेदकों को नहीं मिल सकी। इन सभी परिवारों को बेसब्री से इंतजार है कि आचार संहिता हटे और उनके आवेदनों की प्रक्रिया आगे बढ़े।

# एंबुलेंस व ट्रैक्टर की भिड़ंत में दो लोग घायल

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के अल्लीपुर एनएच-2 में मंगलवार की सुबह ट्रैक्टर व प्राइवेट एंबुलेंस की भिड़ंत में चालक सहित दो गंभीर रूप से घायल हो गए।

दिल्ली के गाजीपुर निवासी सुभाषचंद्र का 28 वर्षीय पुत्र विकास अपने साथी राम सिंह (35) पुत्र रवीश चंद्र के साथ दिल्ली से प्राइवेट एंबुलेंस में शव लेकर मिर्जापुर जनपद छोड़ने गए थे। बताते हैं कि वापस लौटते समय मंगलवार की सुबह जैसे ही ये लोग अल्लीपुर एनएच-2 पर पहुंचे कि सामने से आ रहे ट्रैक्टर से एंबुलेंस टकरा गई जिससे दोनों घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# तेज धूप व गर्म हवाओं के थपेड़े कर रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** कई दिनों से भारी तापमान के बीच सोमवार की रात धूल भरी आंधी चली। जिससे मौसम में कुछ नरमी आई। हालांकि मंगलवार की सुबह तेज धूप भी रही और धूल के गुबार लोगों को परेशान किया। मई के दूसरे पखवारे में पड़ रही अत्यधिक गर्मी का कहर बढ़ता ही जा रहा है। आसमान में दहकते सूरज की तपन व गर्म हवा के थपेड़ों से लोगों के साथ ही पशु-पक्षी भी बेहाल रहे। जबकि घरों में भी बिजली की कटौती व लो-वोल्टेज के चलते पंखे-कूलर शो-पीस बने रहने से लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल सकी।

मंगलवार की सुबह तेज धूप खिली। सोमवार की रात धूल भरी हवाएं चलने से लोगों को लगा कि शायद मौसम में परिवर्तन होगा और गर्मी से कुछ राहत मिल सकेगी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। मंगलवार को सुबह तेज हवा के साथ धूप भी खिली रही। तेज धूप व गर्म हवाएं राहगीरों को झुलसाती रहीं। वहीं रात में उमस भरी गर्मी से लोगों की नींद तक पूरी नहीं हो पा रही है। गर्मी के साथ बिजली की अघोषित कटौती व लो वोल्टज की समस्या लोगों की मुसीबत का सबब बनी है। गर्मी के बीच बिजली गुल रहने व लो वोल्टेज के चलते पंखे व कूलर शो पीस बन गए। गर्मी के साथ मच्छरों के हमलों की वजह से लोगों की नींद में खलल पड़ रहा है। सुबह धूप निकलने के साथ ही मौसम तल्ख हो गया। दस बजे के बाद चिलचिलाती धूप की वजह से असामान से आग बरसती महसूस हुई। दोपहर में पारा 42 डिग्री तो न्यूनतम पारा 30 डिग्री दर्ज किया गया। करीब छह किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली गर्म उत्तर-पश्चिमी हवाएं राहगीरों को झुलसाती रहीं। तेज धूप व गर्मी से परेशान लोग पेड़ों की छाया में सुस्ताते दिखे। जबकि तेज धूप में सूख रहे गले को तर करने के लिए राहगीर वाटर कूलरों व हैंडपंपों पर भीड़ लगी रही। इस दौरान गन्ने के रस, ठंडे पानी की बोतल, कोल्ड ड्रिंक आदि से राहत पाते देखे गए।


तेज धूप में इस तरह निकलीं छात्राएं। अमृत विचार

● गर्मी के साथ बिजली की हो रही अघोषित कटौती

# मतदान के बाद समर्थकों के साथ गुणा-भाग में जुटे प्रत्याशी

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद अब प्रत्याशी हार और जीत का आंकड़ा लगा रहे हैं। धुरंधर गणित बैठाने में जुटे हैं। अपने प्रत्याशी की जीत को सुनिश्चित मानते हुए रणनीतिकार जीत के आंकड़े गिन रहे हैं। चुनाव में एक-एक वोट के लिए भागमभाग करने वाले प्रत्याशियों के चेहरे की हवाइयां उड़ी हैं।

वह मतपेटिकाओं में बंद किस्मत के खुलने के इंतजार में है। मंगलवार को चुनावी जंग में जीत का दावा करने वाले प्रत्याशियों के आवासों पर खासमखास और पार्टी से जुड़े लोगों का जमावड़ा था। सभी प्रत्याशी को जीत के आंकड़े गिना रहे थे। जोश में कार्यकर्ता दावत की बात करते तो प्रत्याशी थोड़ा इंतजार करने को कहते। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नरेश उत्तम पटेल अपने पार्टी कार्यालय पर समर्थकों के साथ जीत-हार के आंकड़े लगाते दिखे।


बसपा कार्यालय में दिखी खामोशी। अमृत विचार

### मंदिरों में पूजा अर्चना

लोकसभा चुनाव 2024 में फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र में ताल ठोंकने वाले 15 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 4 जून को होगा। इस दिन को शुभ बनाने के लिए सभी प्रत्याशी तरह तरह के जतन कर रहे हैं। कोई मंदिरों में पूजा अर्चना में लगा है तो कोई अपने समर्थक एवं इष्ट मित्रों से चुनाव के दौरान घटे वाकये एवं अपनी जीत के आंकड़ों में सिर खपा रहा है।

### हर तरफ चुनावी चर्चा

शहर की बात करें तो मंगलवार की सुबह लोग मार्निंग वॉक पर टहलने आए। इस दौरान वह चुनावी चर्चा करते दिखे। यहां किसी ने भाजपा की जीत का दावा किया तो किसी ने सपा को जीता बताया। वहीं मतदान के कम प्रतिशत को लेकर भी चर्चा रही। लोगों का कहना था शहर का कम मतदान खेल बिगाड़ सकता है। इस दौरान बुजुर्ग बोल उठे कि लोगों में उत्साह नहीं दिखा। इसके कारण मतदान का प्रतिशत कम रहा। चुनावी चर्चा में व्यस्त लोग अपने विचार रख रहे थे। लोगों ने कहा की कुछ भी हो मुकाबला भाजपा व सपा प्रत्याशी में है। निर्णय 4 जून को होगा।



कार्यालय में चर्चा करते सपाई। अमृत विचार


चाय के साथ थकान उतारते भाजपाई। अमृत विचार

# चुनाव ड्यूटी के दौरान सफाई कर्मी की बिगड़ी हालत, मौत

**फतेहपुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान अचानक तबियत बिगड़ जाने पर सफाई कर्मी को उपचार के लिए सीएचसी से इलाहाबाद ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

खागा कोतवाली के बच्चा का पुरवा मजरे कटोघन गांव निवासी बेटू प्रसाद का 35 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र कुमार की लोकसभा चुनाव में हजरतपुर बिंदकी में ड्यूटी लगी थी। इसी दौरान अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। पीठासीन अधिकारी ने सूचना सेक्टर मजिस्ट्रेट को देते हुए सफाई कर्मी को सीएचसी ले गए। हालत न ठीक होने पर उसे इलाहाबाद रेफर कर दिया। रास्ते में मौत हो गई।

# घटतौली का शिकार हो रहे ग्राहक, माप-तौल विभाग बेखबर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

● वर्षों पुराने बाट से उपभोक्ता को ठगा जा रहा

● विभागीय उदासीनता के कारण दुकानदारों के हौसले बुलंद

**अमृत विचार।** बाट से माप में घटतौली का खेल खूब हो रहा है। इससे उपभोक्ता ठगा जा रहा है। सब्जी, फल, गल्ला, चक्की स्पेलर, भाड़ चना, मीट मछली के दुकानदार सर्वाधिक बाट वाले तराजू का प्रयोग करते हैं। इसमें बांट माप विभाग की उदासीनता से खेल हो रहा है।

शहर से लेकर ग्रामीणांचलों में उपभोक्ताओं को कई खाद्य पदार्थ के दुकानदार तौल में खूब चूना लगा रहे हैं। इससे खूब घटतौली हो रही है। सबसे ज्यादा उपभोक्ताओं को घटतौली का सामना बांट से होने वाली तौल को लेकर की जा रही है। अभी भी कई ऐसे खाद्य पदार्थों की दुकाने है जो तराजू व बांट का प्रयोग करते हैं। इससे उपभोक्ताओं को कम मात्रा में चीजे मिलती है। इससे उपभोक्ता अंजान है लेकिन जब कोई जागरूक उपभोक्ता इलेक्ट्रानिक कांटे से दूसरी जगह तौल कराता है तो उसे ठगे होने का एहसास होता है।

इस पर दुकानदार तौल को लेकर उपभोक्ता से विवाद भी करते हैं। यदि देखा जाए तो बांट से सब्जी विक्रेता, फल विक्रेता, गल्ला, चक्की वाले, भाड़ चने, मीट मछली वाले दुकानदार सर्वाधिक तौल करते हैं। इसके अलावा कुछ परचून दुकानदार भी बांट से तौल कर सामान देते हैं। बताया जाता है कि इस घटतौली का खेल करने वाले बांट के पीछे के भाग में लगे लोहे को निकाल लेते हैं और फिर उनका अनवरत घटतौली का खेल चलता रहता है। दाम पूरे लेने के बाद भी वह चीजों को कम तौलते हैं। यदि देखा जाए यह लोग एक किलो को नौ सौ ग्राम, आधा किलो को साढ़े चार सौ ग्राम या चार ग्राम तक तौलते हैं। बड़े बांट में तो यह अच्छी खासी घटतौली करते हैं। उपभोक्ताताओं का सवाल है कि आखिरकार लंबे समय से क्षेत्र में बांट माप अधिकारी क्यों नहीं दिखते है। वह सिर्फ खानी पूरी कर चले जाते हैं। ऐसे दुकानदारों के बांट में काफी समय से मोहर भी नहीं लगी है। प्रत्येक बांट माप का प्रतिवर्ष विभाग की ओर से सत्यापन कर मोहर लगाई जाती है।

### -उपभोक्ताओं की जुबानी-

बाट से होने वाली तौल अब पारदर्शी नहीं रही है। चाहे चक्की हो या फिर अन्य दुकानदार। घटतौली खूब हो रही है। लेकिन बांट मांप विभाग कतई गम्भीर नहीं दिख रहा है। कभी निरीक्षण ही नहीं किया जाता है।

–नीरज मिश्रा

इलेक्ट्रानिक कांटे में फिर भी तौल में गनीमत है लेकिन बांट से तौल करने वाले कम ही तौलते हैं। इसकी जांच होनी चाहिए ताकि उपभोक्ता न ठगे जाए। इसके लिए विभाग जिम्मेदार है।

–राहुल कुमार

सब्जी विक्रेता, फल विक्रेता, गल्ला दुकानदार, चक्की वाले, भाड़ चने वालों के यहां बांटे सही तौल होती है। वहां इलेक्ट्रानिक कांटा कम ही देखने को मिलेगा। इन बांटों से घटतौली की जाती है।

– धनंजय यादव

बांट माप विभाग को उपभोक्ता के हित में कार्य करना चाहिए लेकिन पिछले कई साल से देख रहे हैं कि वह कभी नाप तौल की चेकिंग करने नहीं आते हैं। जिससे दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं।

–संतोष कुमार

# संदिग्ध हालत में नाली में पड़ा मिला युवक का शव

संवाददाता, खागा

● शरीर का आधा हिस्सा ई-रिक्शे व चेहरा नाली में था

**अमृत विचार।** एक ई-रिक्शा चालक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव नाली में पड़ा मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि शराब पीकर रात में वह ई-रिक्शा से घूम रहा था। कोतवाली पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह मालूम होगी।

खागा कोतवाली क्षेत्र के कस्बे के अंबेडकर पार्क के पास के रहने वाले सुनील कुमार पुत्र ऊदल ई-रिक्शा चालक था। जिसका शव नाली में पड़ा देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा तो मृतक का पैर ई-रिक्शा पर और सिर नाली में पड़ा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय राकेश ने बताया कि रात में शराब पीकर ई-रिक्शा लेकर घूम रहा था हो सकता है कि नशे में ई-रिक्शा गिरने से उसकी मौत हुई हो। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शव नाली में पड़ा था।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

सीधा मुकाबला

ग्राउंड-जीरो की रिपोर्ट बढ़ा रही भाजपाइयों की बेचैनी, मतदात प्रतिशत को लेकर बहस

# भाजपा के परंपरागत मतों में भी सेंधमारी की अटकलें तेज

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जोर-अजमाइस के साथ सोमवार को लोकसभा का मतदान सम्पन्न हो गया। भीषण गर्मी के बीच 56.90 फ़ीसदी हुए मतदान को लेकर राजनीतिक दल अपने-अपने तरीके से मायने निकाल रहे हैं। लेकिन जिस तरह से मतों के ध्रुवीकरण के अलावा मतदाताओं ने अपने नए-नए ठिकाने खोज निकाले, वह जरा चौंकाने वाले हैं। ग्राउंड जीरो की आई रिपोर्ट कुछ ऐसी है कि भाजपाइयों के चेहरे पर सिकन आ गई है।

फतेहपुर में चुनाव भाजपा प्रत्याशी एवं गठबंधन प्रत्याशी के बीच सीधे-सीधे तौर पर रहा। बसपा तो अपने मतों को बचाकर रखने की जुगत में ही लगी रही। सपा प्रत्याशी की घेरे बंदी को लेकर भाजपा के बड़े नेताओं का डेरा रहा और योगी-मोदी के जरिए भी कार्यकर्ताओं में जोश और जुनून पैदा करने की कोशिश रही लेकिन जिसकी उम्मीद थी वह करिश्मा और जादू नहीं दिखा।

गठबंधन विकास एवं मुद्दों के साथ भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई रोजी-रोजगार को लेकर हमलावर रही और भाजपा नेताओं को निशाने पर रखा, जबकि भाजपा कभी पाकिस्तान, कभी मुसलमान, कभी हिंदू, कभी सनातन को खतरा, कभी मंदिर, कभी मंगलसूत्र, कभी भैंस की बातें कर चुनावी फिजा को बनाने की कोशिश में लगी रही लेकिन नेताओं की जनसभाएं वह जोश और जुनून कार्यकर्ताओं में पैदा नहीं कर पाईं जो 2014, 2019 के लोकसभा चुनाव में धूम मचाने वाली थीं।



### चुप्पी के साथ वोटरों ने की वोट की चोट

■ पांचवें चरण में फतेहपुर लोकसभा के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद अब जीत-हार की अटकलें तेज हो गई हैं। राजनीतिक दल व नेता मतदाताओं के बीच हसीन सपने दिखा वोट की अपील करते रहे लेकिन मतदान का दिन जब आया तो मतदाताओं ने किया वही जो उन्होंने ठान कर रखा था। मुकाबला यहां सीधे-सीधे भाजपा व गठबंधन के प्रत्याशी के बीच आमने-सामने आकर खड़ा हो गया।

### मतों का हुआ ध्रुवीकरण

■ वोटों की कांट-छांट, विभाजन, ध्रुवीकरण तथा पाला बदलने की खबरें अब मशीनों में पड़े वोटों तक सीमित नहीं रह गईं बल्कि ये आम हो गईं हैं। फिजाओं में मतों के ध्रुवीकरण की उड़ी यही हवाएं भाजपाइयों के टेंपरेचर को बढ़ाने का काम कर रही हैं। इतना ही नहीं भारतीय जनता पार्टी के बड़े व कद्दावर नेताओं ने जनसभाओं, कार्यक्रमों में मंच पर बैठकर फोटो खिंचवाने का काम तो किया लेकिन बूथों तक मतदाता पूरी शिद्दत और निष्ठा के साथ भाजपा के लिए मतदान करने को जाएं उसकी जहमत नहीं उठाई।

### चार जून को लगेगा अटकलों पर विराम

अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद तो भाजपा के सितारे सातवें आसमान पर थे। उन्हें यह यकीन था कि राम पूरे देश में उनकी नैया के खेवन हार बन जाएंगे लेकिन पहले चरण से ही चुनावी फिजा ने जो करवट बदली वह पांचवें चरण तक आते-आते और तेज हो गई। जिन आशाओं एवं मंसूबों के साथ भाजपा चुनाव मैदान में उतरी थी उसमें अब तक उन्हें निराशा हाथ लगी है। पाकिस्तान, मुसलमान, सनातन, हिंदू मंगलसूत्र, संपत्ति बंटवारा, अकबर को भैंस दे देने जैसे मुद्दे व बतोलेबाजी को आम जनता के जेहन तक उतारने में भाजपा नाकाम रही और गठबंधन इन्हीं बातों को अपनी चुनावी सभा में उठाकर सीधे-सीधे जनता से जुड़ी समस्याओं, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, नौकरी एवं रोजी-रोटी की बात करती रही। आरक्षण के मुद्दे ने भी दलित मतदाताओं के एक बड़े खेमें को उठाकर गठबंधन के पाले में जोड़ने का काम कर दिया। अब देखना यह है कि मतों के हुए कतरब्योंत, ध्रुवीकरण एवं मतदाताओं की पाला बदली क्या गुल खिलाती है? परिणाम 4 जून को सामने आएगा लेकिन जो फिजा में हवा है उसने भाजपाइयों की गर्मी को शांत करने की बजाय बढ़ा कर रख दिया है।

#### चुनाव में जातिवाद रहा हावी

मतदान के बाद जो खबर आ रही हैं उसमें 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के खेवन हार रहे क्षत्रिय, ब्राह्मण, कुर्मी, लोधी, पाल मौर्या, वैश्य, पासी, खटीक सहित अन्य दलित मतदाताओं ने मतदान वाले दिन खूब उछल कूद मचाई। भाजपा के एक बड़े वोट बैंक ने गठबंधन का प्रत्याशी बिरादरी के होने के चलते पहले ही किनारा कर लिया था। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के साथ बिरादरी के लोगों ने न केवल भरोसा जताया बल्कि हर तरह से चुनाव लड़वाया। दलित के अलावा लोधी, मौर्य, क्षत्रिय सहित ब्राह्मण मतदाता भी कुछ हद तक सेंधमारी कर अपना मन बदलता नजर आया।

#### अपने मतों को सहेजती रही बसपा

बहुजन समाज पार्टी तो अपने मतों को सहेज कर रखने तक में सीमित हो गई और हकीकत तो यह है कि विकास एवं मुद्दे के साथ बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, आरक्षण एवं नौकरी की बात लेकर आए गठबंधन ने दलित मतों में भी खूब सेंधमारी कर ली। ये खबरें जहां भारतीय जनता पार्टी को बेचैन कर रही हैं वहीं सपा को साइकिल से ही दिल्ली की राह आसानी से पा लेने की उम्मीद जगा रहीं हैं। परिणाम कुछ भी हो लेकिन जिस तरह से मतों में खूब खींचतान हुई है। वह भाजपा के लिए बड़े नुकसान के संकेत हैं और समाजवादी पार्टी ने मतों के विभाजन तथा मुस्लिम, यादव एवं कुर्मी मतदाताओं की एकजुटता के जरिए संसद की कुर्सी कब्जा करने की मंशा पाल ली है।

